संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -76 मंगलवार, 16 जनवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### केवाईसी अधूरी तो 31 जनवरी के बाद नहीं चलेगा आपका फास्टैग

**नई दिल्ली,15 जनवरी 2024(ए)।** ,टोल देने के लिए फास्टैग का इस्तेमाल करते है तो यह खबर आप ही के काम की है। दरअसल अधिकांश रोड पर टोल का भुगतान करने के लिए फास्टैग जरूरी है। ऐसे में अगर आपकी गाड़ी में फास्टैग लगा है तो 31 जनवरी तक उसकी केवाईसी करा लें। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने के अपने कदम के तहत, बिना केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी के बाद बैंकों द्वारा निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। ऐसा होने पर आप टोल पर फास्टैग से भुगतान नहीं कर पाएंगे। वहीं, बिना फास्टैग के टोल पर दोगुना टैक्स देना पड़ सकता है।

### भारत-बांग्ला देश सीमा पर बीएसएफ जवान ड्यूटी के दौरान शहीद



**जींद,15 जनवरी 2024 (ए)।** भारत-बांग्ला देश की सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल जवान सत्यवान ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। 48 वर्षीय सत्यवान 90वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल रूपनगर कूच बिहार पश्चिम बंगाल में सत्यवान तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी की रात 12 बजे सत्यवान शहीद हो गए। हलांकि उनकी मौत किस वजह से हुई है, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं है।

### मशहूर शायर मुनव्वर राणा का निधन



**लखनऊ,15 जनवरी 2024 (ए)।** मशहूर शायर मुनव्वर राणा के हार्ट अटैक से निधन की खबर आ रही है। वह लखनऊ के पीजीआई भर्ती थे। बता दें कि 71 साल के राणा पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में जारी थी। उन्होंने रविवार रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार मुनव्वर राणा को क्रोनिक किडनी बीमारी थी। जिस वजह से हफ्ते में तीन बार उन्हें डायलसिस से गुजरना पड़ता था।

# 9 साल में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

## नीति आयोग की रिपोर्ट में यूपी में सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ लोगों को फायदा...टॉप 4 में बिहार-मध्यप्रदेश भी...





**नई दिल्ली,15 जनवरी 2024(ए)।** भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। उसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई है। यानी कि पिछले 9 सालों में 17.89 प्रतिशत की कमी आई।

गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। जिसमें बाल पोषण, मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी,बिजली, घर, संपत्ति और बैंक अकाउंट जैसे फैक्टर शामिल होते हैं।

### गरीबी में गिरावट की गति चार प्रतिशत ज्यादा

रिपोर्ट के मुताबिक, 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी में गिरावट की गति 10.66 प्रतिशत रही, जोकि 2005-06 से 2015-16 की तुलना (7.69 प्रतिशत) में बहुत तेज थी।

आंकड़ों पर नजर डालें, तो एमपीआई (मल्टीडाइमेंशिनल पोवर्टी इंडेक्स) के सभी 12 इंडिकेडर में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला है। पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

### केंद्र सरकार की 5 योजनाएं, जिनसे पहुंचा लाभ...

#### प्रधानमंत्री उज्जवला योजना

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को हुई थी। अब तक 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया जाता है। साथ ही कनेक्शन लेने पर 1600 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाती है ताकि वे गैस कनेक्शन से जुड़ी अन्य जरुरी चीजें भी खरीद लें।

#### प्रधानमंत्री जन धन योजना

इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी। लगभग 100त्न परिवारों को इस सुविधा के तहत लाया जा चुका है। खोले गए खातों में से 60त्न खाते ग्रामीण क्षेत्रों में और 40त्न खाते शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। जनधन की वेबसाइट के अनुसार 51. 42 करोड़ अकाउंट होल्डर हैं। और उनके खातों में 2 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 2020 में शुरू किया गया था। अब इसे 2029 तक बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश की करीब 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य को 5 किलो गेहूं या चावल हर महीने मिलता है साथ ही एक किलोग्राम साबुत चना दिया जाता है।

#### प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके जरिए भारत के नागरिक अपना 5 लाख तक का इलाज फ्री में करा सकते हैं। इस योजना की शुरुआत 25 सितंबर, 2018 को हुई थी।

#### जल जीवन मिशन

इस योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2019 को हुई थी। 2024 तक देश के सभी गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 14 करोड़ घरों तक कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। कुल 19 करोड़ घरों तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र के नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि गरीबी कम करने के मामले में भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। भारत में 2005-06 से 2019-21 के बीच में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए है। यह जानकारी ग्लोबल मल्टीडाइमेंशनल पावर्टी इंडेक्स में सामने आई हैं, जिसे यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने जारी किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने राज्यों का जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में उधारी का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार सभी राज्य इस अवधि में बाजार से 4.13 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेंगे।जारी वर्ष 2023-24 में अप्रैल से अक्टूबर के बीच 7 महीने में कुल 2.58 लाख करोड़ रुपए बाजार से उठाए थे। यानी अगले तीन माह में वे 7 माह में जुटाई राशि से 60त्न ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। राशि उठाने वाले राज्यों में मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ टॉप टेन में शामिल हैं।

# 9 घंटे चिता पर पड़ा रहा मां का शव

» बेटियां संपत्ति के लिए लड़ती रहीं...

» श्मशान घाट पर चलता रहा हाई वोल्टेज ड्रामा...

» इन सबमें करीब 8 से 9 घंटे बर्बाद हो गए...



**मथुरा,15 जनवरी 2024 (ए)।** संपत्ति बंटवारे को लेकर एक मां का शव श्मशान घाट में 8 से 9 घंटे तक अर्थी पर रहा, जब तक संपत्ति में बहनों को हिस्सा नहीं मिला तब तक मुखाग्नि नहीं दी गई। घटना उत्तर प्रदेश के मथुरा की है। जहां एक मां की मौत हो जाने के बाद उसके शव को मुखाग्नि नहीं दी सकी क्योंकि बेटियों को संपत्ति में हिस्सा चाहिए था।इस घटनाक्रम को देखते हुए आस पास के लोग बेटियों को खरी-खोटी सुनाने लगे। 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद बेटियों ने जमीन को लड़ाई शुरू कर दी और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। बेटियों ने जमीन में हिस्से को लेकर कई घंटों तक ड्रामा किया।

जिसके चलते अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोग और परिजन ये सब देखकर परेशान हो गए। जब स्टाम्प में जमीन का लिखित बंटवारा कराया गया तब जाकर शाम करीब 6:00 बजे मृत मां को मुखाग्नि दी गई।

# लालू यादव के आशीर्वाद से ही नीतीश कुमार मुख्यमंत्री

## राजद विधायक के बयान से मचेगा सियासी बवाल



राजद विधायक ने कहा कि हमारे पास 79 विधायक भी हैं...

**पटना,15 जनवरी 2024(ए)।** राजद के वरिष्ठ नेता और विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा है कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद के आशीर्वाद से ही नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हैं। भाई वीरेंद्र सोमवार को राबड़ी आवास पर आयोजित मकर संक्रांति भोज में शामिल होने आए थे। इस भोज में राजद, जदयू, कांग्रेस के साथ वामदलों के नेता भी पहुंचे थे।

के आशीर्वाद से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। लालू प्रसाद बड़े हैं इसमें कोई शक है। 79 हमारे विधायक हैं तो हम ही बड़े भाई हैं। दोनों एक साथ मिलकर सरकार भी चला रहे हैं।

### हम तो चाहते हैं नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें...

एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि हम तो चाहते हैं कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें और तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार पहले भी यह मांग की है कि बिहार ऐसा राज्य है जिसने देश को राष्ट्रपति दिया और प्रधानमंत्री देने की ताकत रखता है।भाई विरेंद्र ने कहा कि हमारा आईएनडीआईए गठबंधन बना है। हम तो चाहते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री बने।

### समय का इंतजार करें

बता दें कि भाई वीरेंद्र ने कुछ दिनों पूर्व महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर भी बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो चुका है। समय आने पर तमाम दलों के साथ ही मीडिया को भी इस बारे में जानकारी मिल जाएगी। समय का इंतजार करें, सभी कुछ सार्वजनिक हो जाएगा।

# रामलला की मूर्ति का हुआ फाइनल सलेक्शन

### गर्भगृह में स्थापित होगी इस कलाकार की बनाई प्रतिमा

**अयोध्या,15 जनवरी 2024 (ए)।** 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। राम मंदिर में कौन सी मूर्ति स्थापित की जाएगी, इसका ऐलान हो गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा कृष्णशिला पर निर्मित मूर्ति का चयन किया गया है, जो कि रामलला सरकार के श्री विग्रह के रूप में लगेगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति को राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि रामलला की वर्तमान मूर्ति को भी नए मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा।

### अरुण योगीराज की तारीफ में कही ये बात

अरुण योगीराज की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि कई पीढ़ियों से उनका परिवार मूर्ति निर्माण कार्य में लगा है।



केदारनाथ में शंकराचार्य जी की प्रतिमा और दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा भी इसी नौजवान ने बनाई है। अरुण बहुत कम उम्र का है। वो अत्यंत विनम्र और हंसमुख है। जिस तरह से उसने यह जीवन जिया है, आप सोच नहीं सकते। उसने अपने परिवार से 15-15 दिन बात तक नहीं की। ट्रस्ट उसकी एकाग्रता और काम की प्रशंसा करता है। गौरतलब है कि साल 1949 से श्रद्धालु रामलला की प्रतिमा वाले अस्थायी मंदिर में पूजा-अर्चना करते रहे हैं। नए मंदिर में लगने वाली मूर्ति पर तीन मूर्तिकार काम कर रहे थे। उन्होंने अलग-अलग पत्थरों पर अलग-अलग काम करके मूर्तियां बनाई हैं। उनमें से दो के लिए पत्थर कर्नाटक से आए थे। तीसरी मूर्ति राजस्थान से लाई गई चट्टान से बनाई जा रही थी। मूर्तियों की नक्काशी जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे और कर्नाटक के गणेश भट्ट और अरुण योगीराज ने की थी। बीते दिनों ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा था, गर्भगृह के लिए मूर्ति का चयन करते समय उसकी चमक लंबे समय तक टिके रहने जैसे पहलुओं पर एक तकनीकी रिपोर्ट को भी ध्यान में रखा जाएगा।

### येदियुरप्पा के बयान के बाद शुरू हुई थी चर्चा


दरअसल, येदियुरप्पा ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर लिखा था- 'मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई भगवान राम की मूर्ति को अयोध्या के भव्य श्री राम मंदिर में स्थापना के लिए चुना गया है, जिससे राज्य के सभी राम भक्तों का गौरव और खुशी दोगुनी हो गई है।

# मायावती ने किया ऐलान : 2024 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

## बोलीं...किसी भी पार्टी से नहीं होगा गठबंधन

**लखनऊ,15 जनवरी 2024 (ए)।** बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन आज है। ऐसे में आज का दिन पार्टी के कार्यकर्ता जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मना रहे हैं। मायावती के जन्मदिन पर सुबह से ही लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। वहीं मायावती को सुबह से ही जन्मदिन की बधाइयां मिल रही हैं। कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग होर्डिंग और बैनर लगाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं पार्टी कार्यालय पर आज 11 बजे से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं में मायावती के जन्मदिन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

मायावती ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे पहले तो सभी का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछली चार बार की रही सरकारों के दौरान हमने सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के लिए काम किया।



बाद की आई सरकारें हमारी योजनाओं की नकल करके लोगों को भुलाने में लगी हैं। इसके बावजूद जातिवादी, पूंजीवादी व संकीर्ण सोच की वजह से लोगों को इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल रहा। इस समय की राज्य और केंद्र की सरकार लोगों को फ्री राशन देकर गुलाम और लाचार बना दिया है। देश में इन दिनों धर्म और संस्कृति की राजनीति की जा रही है, इससे लोकतंत्र और संविधान कमजोर ही होगा।

मायावती ने कहा कि विरोधी पार्टियों की सरकारों के चलते दलितो का पूरा विकास नहीं हो सकता है। देश में एससी-एसटी और अन्य वर्गों को सरकारी नौकरियों में दिए जाने वाले आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। अन्य मामलों में भी दयनीय स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विपक्ष के इंडिया गठबंधन को लेकर जिस प्रकार से सपा मुखिया ने बीएसपी के लोगों को गुमराह करने के उद्देश्य से गिरगिट की तरह रंग बदला है, उससे बहुजन लोगों को सावधान रहना है। मायावती ने कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने पर साथ वाली पार्टी को ही फायदा होता है, इसलिए बीएसपी अकेले चुनाव लड़ेगी।

### केंद्रीय मंत्री शाह की बड़ी बहन के निधन पर विस अध्यक्ष रमन सिंह ने शोक जताया



**रायपुर,15 जनवरी 2024 (ए)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरीबेन शाह के निधन पर छग विस स्पीकर रमन सिंह ने शोक जताया है। राजेश्वरी बेन फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त थीं और कई दिन से मुंबई के अस्पताल में भर्ती थीं। शोक के चलते गृह मंत्री अमित शाह ने अपने अगले 2 दिन के प्रोग्राम रद्द कर दिए हैं। 65 साल की राजेश्वरी बेन ने अस्पताल में ही आखिरी सांस ली।वे फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त थी। कुछ महीने पहले उनके फेफड़े का ट्रांसप्लांट हुआ था, लेकिन आराम नहीं हुआ। एक महीना पहले उन्हें दिक्कत बढ़ने पर अहमदाबाद से मुंबई रेफर किया गया था।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले एक बड़ी घटना

### केधार्मिक अनुष्ठान के लिए चंदा मांगने और जय श्रीराम का नारा लगाने पर भाकियू नेता की हत्या

**अयोध्या,15 जनवरी 2024 (ए)।** एक तरह पूरा देश अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्साह की तैयारियों में लगा हुआ है। वहीं अयोध्या मुहल्ले के शिवमंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के लिए चंदा मांगने और जय श्रीराम का नारा लगाने पर गंगाघाट के चंपापुरवा में हिस्ट्रीशीटर काले खां ने भाकियू नेता विनोद कश्यप को पीट-पीटकर मार डाला। भाकियू नेता को इतना पीटी कि वह बेहोश होकर



जमीन पर गिर गया और कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया।

भाकियू के पूर्व जिला महासचिव विनोद कश्यप का भाई दुर्गाशंकर अपने साथियों के साथ रविवार सुबह करीब 11 बजे घर-घर से चंदा मांग रहा था। इस दौरान वह साथियों के साथ जय श्रीराम के नारे भी लगा रहा था। इश बात पर मुहल्ले के हिस्ट्रीशीटर काले खां और उसके साथियों ने गुस्से मे आकर दुर्गाशंकर की बेरहमी से पिटाई कर दी। सूचना पर भाकियू नेता विनोद कश्यप पहुंच गए, तो हिस्ट्रीशीटर ने पीट-पीटकर उनकी जान ले ली।इतना ही नहीं हिस्ट्रीशीटर ने कई राउंड फायरिंग भी की। विनोद को कानपुर के उर्सला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं अब एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के मुताबिक विनोद कश्यप की पत्नी प्रीती ने पुलिस को शिकायत दी है।

# दुष्कर्म-हत्या के बाद चुपचाप दफना दी गई थी लड़की



**रांची,15 जनवरी 2024 (ए)।** झारखंड के चाईबासा जिला अंतर्गत गुआ थाना क्षेत्र के काशिया-पेचा गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद गांव के कुछ दबंग लोगों ने उसकी मां पर दबाव डालकर वारदात के बारे में न सिर्फ पुलिस को सूचित करने से रोका, बल्कि शव को भी चुपचाप दफन करने पर मजबूर कर दिया।वारदात के एक हफ्ते के बाद लड़की की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने लड़की का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिस लड़की की हत्या हुई, उसके पिता एक मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें गांव में बेटी की हत्या कर उसे दफन कर दिए जाने की जानकारी तीन-चार दिनों के बाद हुई।

## संपादकीय

# कांग्रेस समझौता मूड में

अगले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने हितों से समझौता करने को तैयार है। सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत में कांग्रेस ने बहुत लचीला रुख दिखाया है। कांग्रेस ने सभी सहयोगी पार्टियों को मैसेज दिया है कि वह सीटों की संख्या पर नहीं अड़ेगी। असल में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रबंधन और रणनीति बनाने का काम देख रहे सुनील कनुगोलू की टीम कांग्रेस के लिए सर्वेक्षण कर रही है और ऐसी सीटों की पहचान कर रही है, जहां वह ज्यादा आसानी से लड़ और जीत सकती है। ध्यान रहे कांग्रेस चार सौ से ज्यादा सीटों पर लड़ती रही है और पिछली बार भी 421 सीटों पर लड़ी थी। उससे पहले 2014 के चुनाव में तो 464 सीटों पर लड़ी थी लेकिन सिर्फ 44 सीट जीत पाई थी। दूसरे चुनाव में वह 421 सीटों पर लड़ी, जिसमें से 52 पर जीती और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही।

इस आंकड़े को ध्यान में रख कर सुनील कनुगोलू की टीम ने ऐसी सीटों पर फोकस करने की सलाह दी है, जिन पर कांग्रेस जीत सकती है। कांग्रेस के उम्मीदवार जिन सीटों पर तीसरे या चौथे स्थान पर रहे थे उनको छोड़ दिया है। तभी पिछले दिनों कांग्रेस नेताओं की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 255 सीटों पर फोकस करने की बात कही। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस सिर्फ 255 सीटों पर लड़ेगी। वह इसके अलावा एक सौ और सीटों पर लड़ सकती है। लेकिन उसका जोर इन 255 सीटों पर होगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने 375 सीटों की मांग की है। इसमें से 291 सीटें तो ऐसी हैं, जो कांग्रेस और भाजपा के सीधे मुकाबले वाली हैं और 85 सीटें उन राज्यों में हैं, जहां प्रादेशिक क्षत्रप मजबूत हैं और कांग्रेस उनकी सहयोगी पार्टी है।

हालांकि कांग्रेस ने भले 375 सीटों पर लड़ने की बात कही है लेकिन खड़गे की बात से स्पष्ट है कि पार्टी 255 से 290 के बीच सीटें अपने लिए अनुकूल मान रही है और उन्हीं पर लड़ने की तैयारी कर रही है। तभी ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस का तालमेल ऐसी पार्टियों से भी हो जाएगा, जिनके साथ सीटों की एडजस्टमेंट में मुश्किल आ रही है। कांग्रेस पुरानी सहयोगी पार्टियों के साथ साथ नई सहयोगियों को जोड़ने के लिए भी अपनी कुछ सीटें छोड़ने को तैयार है।

कांग्रेस हर हाल में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में तालमेल करना चाहती है। इन चारों राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का पुराना तालमेल रहा है और कांग्रेस पहले भी उनके साथ चुनाव लड़ चुकी है। इसलिए भले कांग्रेस ज्यादा सीटों की मांग कर रही है लेकिन वह प्रादेशिक पार्टियों के हिसाब से सीटों की एडजस्टमेंट के लिए तैयार है। नई पार्टियों में शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट है, जिसके साथ कांग्रेस को पहली बार चुनाव लड़ना है और आम आदमी पार्टी के साथ भी तालमेल होता है तो कांग्रेस पहली बार चुनाव लड़ेगी। अगले लोकसभा चुनाव को करो या मरो वाला चुनाव मान रही कांग्रेस दोनों के साथ तालमेल को तैयार है।

# गंगासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

**गंगासागर** में मकर संक्रान्ति पर प्रतिवर्ष बहुत विशाल मेला भरता है। जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु गंगा सागर स्नान के लिए आते हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखो तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरु हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हे शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षो के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भागीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रान्ति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है।

पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।

गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है। इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 1973 में यहाँ कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का एक छोटा डेल्टा द्वीप है जिसकी आबादी करीब 2 लाख और क्षेत्रफल 282 वर्ग किमी है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहाँ महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी है। गंगासागर वास्तव में एक टापू है जो गंगा नदी के मुहाने पर स्थित है। यहां बंगला भाषी आबादी रहती है। यह पूरी तरह से ग्रामीण ईलाका है। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के रहने के लिए यहां पर होटल, आश्रम व धर्मशालायें है। अब पूरे वर्ष लोग यहां लोगों का आवागमन लगा रहता है। कोलकाता से पूरे मार्ग में सडक बनी हुयी है मात्र 5 किलोमीटर पानी में नाव का सफर करना पड़ता है। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन 14 व 15 जनवरी को मुख्य मेला लगता है। जिसमें लाखों लोग स्नान और पूजा करने आते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गंगासागर के लिए मुरिगंगा में ब्रिज का निर्माण करवाने को प्रयासरत है। इस ब्रिज के बनने से श्रद्धालु सडक मार्ग से कचुबेरिया तक आ सकेगें। लोगों को यहां जल मार्ग से नहीं आना पड़ेगा। गंगासागर मेला किसी भी तरह कुम्भ मेले से कम नहीं है। यहां दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं। इस कारण गंगासागर मेले को भी कुंभ मेले जैसा दर्जा मिलना चाहिये। ताकि यहां के विकास के लिये कुम्भ मेले की तरह अलग से बजट उपलब्ध हो। जिससे इस क्षेत्र का समुचित विकास सम्भव हो पाये।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना




## ऐसे श्री राम के चरणों मे सादर प्रणाम है...

असत्य पर सत्य के
जीत का प्रमाण है
अधर्म पर धर्म के
विजय का प्रमाण है
हर भक्त के रोम-रोम में
रमे जो राम है
ऐसे श्री राम के चरणों में
सादर प्रणाम है।
विपात्तिओ को देखकर
जो कभी डरा नहीं
कर्तव्य पथ पर चलता गया
कभी रुका नही
हर भक्त के मुख से निकले
जिनका नाम है
ऐसे श्री राम के चरणों में
सादर प्रणाम है।
पिता के वचनों को
उन्होंने निभाया
सब राजपाठ को
उन्होंने त्याग दिया
रघुकुल रीत निभाने का
जिनका नाम है
ऐसे श्री राम के चरणों में
सादर प्रणाम है।
भगवान श्री राम
निज निवास पधार रहे हैं
प्रभु के भक्त फिर से
रामराज्य ला रहे हैं
युगों-युगों जिनके नाम
कई कीर्तिमान है
ऐसे श्री राम के चरणों में
सादर प्रणाम है।



श्याम सुंदर साहू
राजिम-गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## उत्सव आज मनाओ सखी...

मन बसंत हो झूम उठा है,
उत्सव आज मनाओ सखी!
जनक सुता रघुवर संग आई
पग पग फूल बिछाओ सखी!
राम सिया की अमर कहानी
मंगल गीत सुनाओ सखी!
मन बसंत हो झूम उठा है,
उत्सव आज मनाओ सखी!
आज हमारे भाग्य जगे है,
कलयुग त्रेतायुग सा लगे हैं।
गली-गली में राम नाम की,
मिलकर दीप जलाओ सखी।
मन बसंत हो झूम उठा है
उत्सव आज मनाओ सखी!
नगरी मिथिला इधर सजी हैं,
उधर अयोध्या धूम मची है ।
नगर नगर से, जन जन आए,
अरिपण आज सजाओ सखी।
मन बसंत हो झूम उठा है,
उत्सव आज मनाओ सखी!



पूजा भूषण झा,
वैशाली,
बिहार।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## हसदेव के पीरा

पीरा बढ़गे आज जी, रोवत हाथी मोर।
तड़पत हावै जीव हा,
विनती हे कर जोर।।
विनती हे कर जोर,
बचालव हमर बसेरा।
झन काटव तुम पेड़,
उजाड़व झन ये डेरा।।
हाथी बंदर शेर, हवै जंगल के हीरा।
मनखे करै विनाश,
होय तब अब्बड़ पीरा।।
जंगल हा हसदेव के,होवत सत्यानाश।
टँगिया धर के काटथे,
पेड़ गिरय जस ताश।।
पेड़ गिरय जस ताश,
देख रोवासी आथे।
मचगे हाहाकार,जंतु मन अब थर्राथे।।
मनखे पाप कमाय,
करत हे आज अमंगल।
बाढ़त अत्याचार, परत हे सुन्ना जंगल।।
साँसा के गिनती रखौ,
हावै ये दिन चार।
बेरा मा उड़ जात हे,
नइ पाहू तुम पार।।
नइ पाहू तुम पार, हवा हे जीवन दाता।
पेड़ लगा लौ आज,
पुण्य के खोलव खाता।
करहू झन उद्दंड, पलटही तुँहरो पासा।
छूट जाय जब प्राण,
फेर ना आवय साँसा।।



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# बदलता भारत,झुकता विश्व

**भारत** 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ-नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक-एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

हालिया मालदीव प्रकरण का निहितार्थ क्या है? यह ठीक है कि मालदीव पांच लाख की आबादी वाला सूक्ष्म इस्लामी देश है, जिसकी आर्थिकी मुख्यत– पर्यटन पर निर्भर है। वह भारत रूपी बड़ी आर्थिक शक्ति के समक्ष किसी भी मामले में नहीं टिकता। परंतु जिस प्रकार मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा प्रकट भारत-मोदी विरोधी वक्तव्यों के खिलाफ देश का बड़ा वर्ग एकजुट होकर खड़ा हुआ– वह वैश्विक विमर्श में भारत की बढ़ती शक्ति, राष्ट्र के रूप में भारत की एकता, अखंडता और उसकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति सजगता को रेखांकित करता है। आखिर इस आमूलचूल परिवर्तन का कारण क्या है? कहा जा सकता है कि भारत 1947 में राजनीतिक, 1991 में आर्थिक, तो 2014 में सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र हुआ है। भले ही अंग्रेज 1947 में देश छोड़कर चले गए थे, परंतु कालांतर में गुलाम और बाह्य मानसिकता से प्रेरित वर्ग (राजनीतिज्ञ-नौकरशाह) के हाथों देश का नेतृत्व चला गया, जिसमें अपनी मूल सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली के प्रति घृणा का भाव था। उसी औपनिवेशिक दृष्टिकोण की एक-एक कड़ी को ध्वस्त करके वर्तमान मोदी सरकार सुदृढ़ आर्थिक प्रगति के साथ भारत को उसकी मौलिक सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। मालदीव के भारत-विरोधी चिंतन के खिलाफ देश के बहुत बड़े वर्ग का प्रतिकार– इसी उपक्रम का परिणाम है।

सुधी पाठकों को विदित होगा कि मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन की गोद में बैठकर भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। परंतु यह इस प्रकार और इतनी तीव्रता के साथ धराशायी हो जाएगा, इसका अनुमान स्वयं राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी सरकार को भी नहीं रहा होगा। आखिर यह पूरा प्रकरण क्या है? चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लक्षद्वीप दौरे के अनुभव को तस्वीरों-वीडियों के माध्यम से 'एक्स' पर साझा किया था। इसमें जब प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव का नाम लिए बिना लक्षद्वीप को पर्यटन का अच्छा विकल्प बताया, तब पहले भारत-विरोधी नीतियों में लिप्त मालदीव की मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों– मरियम शिऊना, मालशा शरीफ और हसन जहान ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत के लिए विषवमन प्रारंभ कर दिया। देखते ही देखते इसके विरुद्ध सोशल मीडिया पर असंख्य भारतीयों का गुस्सा भड़का, देश के कई लोकप्रिय हस्तियों ने मालदीव को आईना दिखाना, सैकड़ों भारतीयों और पर्यटन कंपनियों द्वारा मालदीव प्रवास का पूर्वनिर्धारित पंजीकरण व हवाई टिकटें रद्द करना शुरू किया, वैसे ही मालदीव का भारत-विरोधी सत्ता-अधिष्ठान घुटनों पर आ गया और अपने उन्हीं मंत्रियों को निलंबित कर दिया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मालदीव आने वाले पर्यटकों में एक तिहाई हिस्सेदारी भारतीयों की है। अब चूंकि मालदीव के भारत-विरोधी उपक्रम के खिलाफ असंख्य भारतीयों ने मालदीव के बहिष्कार का निर्णय किया है, इसलिए अपनी आर्थिकी को बचाने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष के आगे अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजने की भीख मांगी है।

यह कोई पहला मामला नहीं है। चाहे संकटग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य अभियान चलाकर अपने लोगों की सुरक्षित देश-वापसी हो, रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने हेतु विश्व के बड़े देशों का प्रधानमंत्री मोदी से मध्यस्था का आह्वान हो या फिर जी20 सम्मेलन में देश की कूटनीतिक सफलता– यह सब दुनिया में भारत की भू-राजनीति में मौलिक परिवर्तन को प्रामाणित करता है। भ्रष्टाचार-मुक्त जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन और आर्थिक-सामाजिक सरोकारों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 2014 से पहले दिल्ली, राजस्थान, मुंबई, पुणे, वडोदरा आदि नगरों में जिहादियों द्वारा बम धमाके आम थे। परंतु कश्मीर-पंजाब रूपी अपवादों को छोड़कर बीते 10 वर्षों एक भी घातक आतंकवादी हमला नहीं हुआ है। आज देश में सुरक्षा की स्थिति यह है कि यदि सीमापार से किसी ने दुस्साहस का प्रयास किया, तो उसे उचित जवाब मिलता है। 2016-2019 में भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और गलवान-तवांग प्रकरण में चीन की हेकड़ी को तोड़ना– इसका प्रमाण है।

देश के पूर्व राजनयिक और पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने अपनी पुस्तक 'एंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' में खुलासा किया है कि फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में फंसे भारतीय लड़ाकू पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान की सुरक्षित वतन-वापसी के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर नौ घातक मिसाइलें तान दी थी। यह घटना 27 फरवरी 2019 की थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने 'कत्ल की रात' कहकर संबोधित किया था। इससे पहले भारतीय नेतृत्व की क्या स्थिति थी, वह पाकिस्तान से आए आतंकवादियों द्वारा वर्ष 2008 के भीषण 26/11 मुंबई हमले से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें प्रतिकार को तैयार भारतीय सेना का मनोबल तत्कालीन मनमोहन सरकार ने तोड़ दिया था।

–बलबीर पुंज–

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# देश की रोटी

कहानी



दामिनी सिंह ठाकुर,
इंदौर,
मध्यप्रदेश

**भरत !** भरत उठिए न, अरे ! उठिए तो सही। सुधा घबराई सी थी।अरे सुधा क्या हुआ ? आज तो संडे है। सोने दो न प्लीज। चादर को सिर तक खींचते हुए भरत ने कहा।

अरे भरत उठो देखो वर्मा जी के यहाँ कुछ तो हुआ है, उनके घर के बाहर दो दिन से न तो किसी ने पेपर उठाया है न दूध के पैकेट।ओफ़्फ़ओ.... तो कहीं बाहर गए होंगे तुम क्यों परेशान हो रही हो।भरत तुमभी न... अगर कहीं जाते तो मुझे बोलकर और चाभी देकर जाते और फिर मेन गेट पर ताला भी तो होता।अब उठ भी जाओ न चलकर देखते है। लगभग भरत को झकझोरते हुए सुधा ने कहा था।

क्या यार सुधा संडे के दिन भी नहीं सोने देती, चलो बिना जाए तो मानेगी नहीं तुम, औरतों से तो भगवान ही बचाए। अपनी चप्पल पहनते हुए भरत कमरे के बाहर आया।अरे ! ऐसे क्यों कर रहे हो, हम उनके पड़ोसी हैं हमारा फर्ज बनता है उनकी खोज खबर रखना। अकेले रहते हैं हम नहीं देखेंगे कौन देखेगा ? चलो अब जल्दी से चलो और एक अच्छे पड़ोसी का धर्म निभाओ। दोनों जल्दी-जल्दी सीढ़ियां उतरने लगे सड़क के उस पार ठीक सामने ही वर्मा जी का मकान था। घर इसलिए नही कहूँगी क्योंकि घर तो परिवार से बनता है न ? और परिवार के नाम पर अकेले वर्मा जी ही रहते थे उनकी पत्नी को गुजरे अभी दो साल ही हुए थे। उनका बेटा राहुल जो ऑस्ट्रेलिया में रहता था मां के देहांत के समय भारत आया था। माँ के न रहने पर राहुल वर्मा जी को अपने साथ ऑस्ट्रेलिया ले गया था पर महीने दो महीने में ही वह वापस आ गए थे। वर्मा जी के घर पहुंच कर भरत ने डोर बेल बजाई लगभग पाँच मिनट तक कोई उत्तर न मिलने पर दोनों घबरा गए एक-दूसरे का मुंह देखने लगे जाने क्या हुआ होगा।

देखो !सुधा मैंने कहा था ना वह घर पर नहीं है घर पर होते तो क्या दरवाजा नहीं खोलते क्या ? पर घर अंदर से बंद है। बाहर कहीं गए होते तो ताला लगा कर जाते हैं कुछ तो गड़बड़ है। तो अब क्या करें कोई आसपास जान पहचान का भी नहीं है ताला तोड़ने की कोशिश करें।

अरे नहीं ! यह गलत होगा तब तक आसपास के भी कुछ लोग इकट्ठा हो गए थे उनमें से किसी ने सुझाव दिया पुलिस को बुलाना उचित होगा और भरत ने पुलिस को फोन लगा दिया पुलिस के आने पर दरवाजा खोला गया, अंदर का दृश्य देख सुधा के पैरों तले जमीन के सरक गई। वर्मा जी अब इस दुनिया में नहीं थे। सुधा ने यह तो बिल्कुल नहीं सोचा था। राहुल महज दस साल का था जब वर्मा जी अपनी धर्मपत्नी के साथ इस बंगले में शिफ्ट हुए थे। बहुत ही शानदार गृह प्रवेश हुआ था। सरकारी विभाग में अधिकारी के ओहदे पर थे वर्मा जी। श्रीमती वर्मा भी बहुत शांत स्वभाव की थी सबसे हंसी खुशी, मिलना-जुलना सबसे हंस के बातें करना उनके स्वाभाव में शामिल था। उनकी पूरी दुनिया राहुल के आगे पीछे ही घूमती थी। नहलाना धुलना तैयार करना स्कूल के लिए ले जाना उसका होमवर्क करना उसकी हर पसंद नापसंद का ध्यान रखना उनकी दिनचर्या में शामिल था। कभी-कभी वर्मा जी शिकायत भी करते थे कि जब से राहुल पैदा हुआ है आप तो बेटे की ही होकर रह गई हो हमारा तो ख्याल ही नहीं रहता। श्रीमति वर्मा जी भी हंस कर बातों को टाल जाती।

फिर कुछ दिन बाद तो राहुल के दादा-दादी जी भी आ गए थे। माता-पिता का ख्याल रखना तो कोई वर्मा जी से सीखे हथेलियों पर रखते थे वह अपने माता पिता को। किसी ने कहा भी था कि आप इस उम्र में इन्हें यहां क्यों लाए ? क्या शहर की आबो हवा इन्हें रास आएगी ? बहुत खूबसूरत मन को छूने वाला जवाब दिया था, जब अपनों का साथ हो तो सब कुछ रास आता है, हंसी भी खुशी भी और आंसू भी। उनके गृह प्रवेश के समय से ही मिसेज एंड मिस्टर वर्मा जी से एक अलग ही लगाव हो गया था। इस पूरे परिवार के आसपास के लोग संस्कारों के मिसाल दिया करते थे कि कोई वर्मा फैमिली से सीखे परिवार में कैसे रहा जाता है।राहुल सभी के लाड दुलार का केंद्र बिंदु था। हर एक चीज उसकी पसंद से होती थी।उसे खाने में क्या पसंद है, उसे क्या पहनना पसंद है हर एक चीज का ख्याल माता-पिता दादा सभी रखते थे।राहुल खुद भी बहुत प्यारा बच्चा था समय अपनी गति से चलता रहा और दादा-दादी एक-एक करके स्वर्ग सिधार गए। वर्मा दंपति बहुत मुश्किल से खुद को संभाला था। इस घर में और कौन-कौन रहता है पुलिस के इस प्रश्न ने सुधा वर्तमान में आई, सुधा हड़बड़ाई सी कहा जी, वर्मा अंकल और उनका नौकर हरिया काका। अभी वह कहां है पुलिस ने फिर पूछा, जी मुझे नहीं पता सुधा ने थोड़ा डरते हुए कहा था। और इनका कोई रिश्तेदार ? पुलिस के सवाल जारी थे सुधा ने कहा जी इनका बेटा राहुल जो विदेश में रहता है मैं उनको खबर कर देती हूं, उनका नंबर है मेरे पास। सुधा ने जैसे-तैसे खुद को संभालते हुए राहुल को फोन लगाया और उसे यहां का सारा हाल बता कर जल्दी आने को कहा।राहुल की जो प्रतिक्रिया थी वह सुनकर सुधा थोड़ा आश्चर्यचकित थी। वह माता-पिता जिन्होंने उसकी परवरिश में कोई कसर न रहने दी उनकी मौत की खबर ने भी राहुल को जरा सा विचलित नहीं किया था।आखिर क्यों ? जब राहुल ने विदेश जाने की जिद की थी कितना समझाया था दोनों ने वर्मा आंटी का तो बुरा हाल था। कितना समझाया था अपने देश में भी तो रोटी है तुम्हें विदेश में ही नौकरी क्यों करनी है ? पर राहुल की जिद्दी थी विदेश में नौकरी करना।बेटा एक बार फिर सोच ले हमारा क्या होगा ? तेरे बिना हम कैसे रहेंगे ?

ओफ़्फ़ ओ माँ अभी इमोशनल ड्रामा मत शुरू करो, आजकल विदेश कौन सा बहुत दूर है जब मनचाहा वीडियो कॉल किया और देख लिया जब मनचाहा फ्लाइट पकड़ी और आ गए मिलने और फिर सेटल होने के बाद मैं आप दोनों को अपने साथ ही रखूंगा इसमें क्या प्रॉब्लम है यहां रहो या वहां रहो। कुछ इस तरह की दलील दी थी। राहुल ने।

अभी गंगा जमुना बहन बंद करो और मेरी जाने की तैयारी करो। वहीं सोफे पर बैठे पिताजी पेपर पढ़ते हुए सब कुछ सुन रहे थे उन्हें आंटी का दर्द समझ में आ रहा था पर बेटे की जिद्द के आगे कुछ नहीं बोल पा रहे थे।मैं तो बस इत्तेफाकन उस दिन उनसे मिलने आ गई थी मेरा भी मन थोड़ा द्रवित हुआ था, और फिर एक बार जो बेटा विदेश गया वहीं का होकर रह गया। वर्मा आंटी को धक्का तब लगा जब पता चला कि राहुल ने वही शादी भी कर ली है।जो बेटा उनकी पूरी दुनिया थी उसने अपनी अलग दुनिया बना ली था, जिस परिवार के लोग मिसाल दिया करते थे आज वह बिखर रहा था पर बेटे की खुशी के आगे मां बाप ने अपनी ख़ुशी बिल्कुल नहीं सोची, शायद माता-पिता ऐसे ही होते हैं। हर हाल में बच्चों की खुशी चाहते हैं धीरे-धीरे वर्मा आंटी बीमार रहने लगे शायद बेटे की दूरी उन्हें अंदर ही अंदर खाए जा रहे थी और फिर ना बहू का मुंह देखा ना ही पोते पोतियो का। हमेशा मन में एक टीस रहती क्या इस दिन के लिए बेटा पैदा किया था ? फिर भी कुछ ना बोल पाते। वर्मा दंपति एक-दूसरे का बहुत ख्याल रखते थे आंटी की बीमारी में अंकल ने उनकी बहुत सेवा की और अब तो हरिया काका भी थे एकदम घर में परिवार के सदस्य जैसे अंकल के छोटे भाई हो। ईमानदारी से अपना सारा काम करते थे कभी-कभी अंकल कहते भी की अच्छा होता है कि तू ही हमारा बेटा होता और यह बात आंटी को अंदर तक बेध जाती। धीरे-धीरे बीमारी के आगे आंटी हार गई और अंकल अकेले रह गए। बमुश्किल ही बेटा आया था वह भी अंतिम संस्कार होने के बाद ना मां बेटे का मुंह देख पाई, ना बेटा मां का।

जैसे-तैसे बेटे ने पिताजी को साथ ले जाने के लिए तैयार किया अंकल का बिल्कुल भी मन नहीं था आंटी की यादों से दूर जाने का फिर भी सबके समझने के बाद अंकल जाने को तैयार हुए थे। वहां जाने के बाद उन्हें समझ में आया कि यहां की संस्कृति ही अलग है बूढ़े मां-बाप बच्चों के लिए बोझ है और यह अपमान और दुर्व्यवहार उनसे सहन ना हुआ और वह वापस भारत आ गए।तब से हरिया काका और अंकल दोनों ही एक-दूसरे का ख्याल रखते थे और खुश रहते।उसके बाद ना अंकल ने कभी राहुल से बात की और ना ही राहुल ने अंकल की कोई सुध ली। इधर अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। लोग इंतजार करने लगे राहुल कब आएगा शायद राहुल को आना मंजूर नहीं था या परिस्थितियाँ उसका साथ नहीं दे रही थी। भगवान जाने ! क्या सच था ?सुधा का ही मन नहीं माना और राहुल को वीडियो कॉल किया राहुल ने कहा आंटी में नहीं आ पाऊंगा मेरी छुट्टियां नहीं है और यहां पर स्थिति बहुत खराब है, सुधा ने मन में सोचा तुझे क्या कहूं मैं ? तेरे जैसे कपूत से तो बेऔलाद होना अच्छा है।अरे कम से कम अपने पापा का मुंह तो देख ले और उन्होंने अंकल के चेहरे से वह सफेद चादर हटा दी। राहुल को जैसे कोई ख़ास फर्क नही पड़ा था, उसने जैसे तैसे वीडियो कॉल के जरिए अंतिम संस्कार किया और लोग यही सोच रहे थे क्या इस दिन के लिए मां-बाप अपने बच्चों की सारी ख़ुशी पूरी करते हैं और उनके हर सपने पूरे करते हैं ताकि अंतिम पलों में वह इस कदर अकेले रह जाए।यह कौन सी संस्कृति थी फोन के जरिए अंतिम संस्कार क्या उनकी आत्मा नही कचोटेगी नहीं। सुधा फफक पड़ी थी। कितना लाड था अंकल आंटी को राहुल से और राहुल ने क्या सिला दिया क्या विदेश की रोटी में यही संस्कार है इससे तो भली अपने देश की रोटी है। माना पैसे कम है पर अपनों का साथ भी तो है।जब बुरे वक्त में अपनों के साथ ही ना खड़े हो सकें फिर ऐसी नौकरी ऐसी जगह ऐसा देश किस काम का ? यह संस्कृति परिवार अपने सगे संबंधी शायद अपने देश में ही है ।आज पड़ोसियों ने तो अंकल का अंतिम संस्कार कर दिया था अपने पड़ोसी होने का फर्ज निभाया था पर एक बेटे का फर्ज क्या था ? यह सोचकर सुधा और भरत की रूह कांप गई थी। दो महीने बाद राहुल आया और सारी जमीन ज़ायदाद बेचकर वापस विदेश चला गया। जाने क्या मजबूरी थी जो मां-बाप के अंतिम बार मिलना भी जरूरी नहीं समझा। यदि बुढ़ापा नौकरों के भरोसे ही निकालना है तो औलाद किस लिए ? नौकर ही अच्छे हैं परिवार जैसा शब्द शायद और कहीं नहीं, अपनों का अपनापन इस देश ने ही हैं 7 सुधा ने यह तय किया कि अपने बच्चों के बच्चों को भी देश की जमीन से जोड़ कर रखेगी आगे भगवान की जो मर्जी। देश की रोटी सबसे अच्छी।



प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# जमीन फर्जीवाड़े मामले में थाना सूरजपुर पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



ग्राम डुमरिया निवासी सुक्रिन दास व 1 अन्य व्यक्ति ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके बाबा स्व. शिवा पिता मोहिता के हिस्से की जमीन जो कि ग्राम डुमरिया मुख्य मार्ग पर खसरा नंबर 356, 357/2 है जिसे चचेरे भाई रामवृक्ष देवांगन के द्वारा रोजगार सहायक लोकनाथ, पंचायत सचिव पारस राजवाड़े व अन्य के साथ मिलकर मृतक शिवा जिसकी मृत्यु वर्ष 1989 में चिरमिरी के गोदरी पारा में हुई थी उसकी मृत्यु को फर्जी दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, फर्जी वसीयतनामा तैयार कर कूटरचना कर पारस राजवाड़े, रामवृक्ष, लोकनाथ व अन्य के द्वारा वर्ष 2008 में मृतक शिवा की फर्जी वसीयत रामवृक्ष के पक्ष में निष्पादित कर वर्ष 2008 में ही वसीयतनामा बनवाकर एवं वर्ष 2008 में ही मृतक शिवा की मृत्यु होने का दस्तावेज तैयार करवाकर डुमरिया स्थित जमीन जिसकी बाजारू कीमत वर्तमान में एक करोड रुपए से ऊपर की है जिसे पंचायत सचिव पारस राजवाड़े के द्वारा अपने साले के नाम पर रजिस्ट्री करा दिया गया था। आरोपियों का कृत्य धारा सदर 420, 467, 468, 471, 120(बी) 34 भादसं. का अपराध घटित करना पाये जाने पर थाना सूरजपुर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 37/24 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने प्रकरण के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा प्रकरण में विवेचना करते हुए मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी रामवृक्ष देवांगन 65 वर्ष ग्राम डुमरिया, लोकनाथ राजवाड़े उम्र 31 वर्ष ग्राम डुमरिया एवं पारसनाथ राजवाड़े उम्र 48 वर्ष निवासी मिश्रा गली सूरजपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है आरोपियों के निशानदेही पर फर्जी वसीयतनामा व फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है।

कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, प्रधान आरक्षक इशित बेहतरा, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।

# नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
लखनपुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।





अवैध मादक पदार्थ को लेकर लखनपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है जहां पुलिस के द्वारा यात्री प्रतीक्षालय लखनपुर में बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक लखनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 13 जनवरी दिन रविवार की रात लगभग 9:40 बजे दो युवक लखनपुर यात्री प्रतीक्षालय में नशीले इंजेक्शन बेचने के फिराक में है।सूचना उपरांत सरगुजा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई।पुलिस टीम लखनपुर यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड पहुंची घेराबंदी करते हुए नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जिस पर युवकों ने अपना नाम राम बिहारी पिता स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद उम्र 33 वर्ष ग्राम बंधा थाना लखनपुर मुकेश यादव पिता सतीश यादव उम्र 19 वर्ष वार्ड क्रमांक 11 नगर पंचायत लखनपुर होना बताया। इनके पास से 124 नग नशीला इंजेक्शन, सिरिंज, 120 पीस नीडील बरामद किया गया। लखनपुर पुलिस धारा 21सी एनडीपीएस एक के तहत आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 14 जनवरी दिन सोमवार को दोनों युवकों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। साथ ही लखनपुर पुलिस के द्वारा अधिकारियों के मार्गदर्शन में गिरोह की पता तलाश की जा रही है इस पूरी कार्यवाही में विवेचक एल आर चौहान, सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता, संदीप सिंह प्रधान आरक्षक मुक्तिलाल तिर्की ,आरक्षक देवेंद्र सिंह, डॉक्टर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

# सभी दुकानों में झालर लगाने एवं दीप जलाकर दीपावली मनाने का लिया गया निर्णय

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



आज कैट सरगुजा की आवश्यक बैठक आहूत की गई,बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अम्बिकापुर में सभी दुकानों को झालर लगाने एवं दीप जलाकर दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया है , बैठक में प्राण प्रतिष्ठा के दिन विभिन्न संगठनों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अम्बिकापुर के व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के संदर्भ में भी चर्चा हुआ है , शहर में विभिन्न स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा को लाईव दिखाने का व्यवस्था किया जायेगा और दुकानों में तोरण द्वार तथा रंगोली से सजाया जायेगा , शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों से आग्रह किया गया है कि इस अवसर को भव्य दिवाली की तरह बनाये , उस दिन सुबह सभी चौक चौराहों में फुल और दिये की उपलब्धता रहे इसके लिये फुल और दिया विक्रेताओं से संपर्क किया जा रहा है ! आज के बैठक में कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष , प्रदेश मंत्री शुभम अग्रवाल, प्रदेश मंत्री पंकज गुप्ता , जिला अध्यक्ष रविंद्र तिवारी , राजू छाबड़ा , अभिषेक सिंह , अजय सोनी , प्रदीप गुप्ता , उपेन्द्र गुप्ता , मुकेश शर्मा उपस्थित रहे ।

# सडक़ सुरक्षा माह का आयोजन,लोगों को जागरुक करने रथ रवाना

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा माह अंतर्गत जागरूकता अभियान 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाना है। इसका शुभारंभ सोमवार को किया गया। घड़ी चौक स्तिथ यातायात कार्यालय से सडक़ सुरक्षा माह की शुरुवात की गई एवं सडक़ सुरक्षा रथ को पुलिस अधीक्षक सरगुजा एवं नगर के गणमान्य नागरिको द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता कार्यक्रम करने रवाना किया गया। सडक़ सुरक्षा माह के अभियान की शुरुवात करते हुए पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने कहा कि वर्तमान समय मे यातायात के नियमो का पालन कराने के साथ साथ आमनागरिकों को जागरूक करना अति आवश्यक हैं, इसी कड़ी मे सडक़ सुरक्षा रथ यातायात जागरूकता प्रचार प्रसार मे महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा, शहर की अधिकांश सडक़े वर्तमान समय के हिसाब से सकरी हैं, और यातायात का दबाव निरंतर बढ़ रहा हैं, सरगुजा पुलिस द्वारा कई सडक़ो को वन वे कर प्रभावी व्यवस्था बनाई गई हैं, साथ ही लापरवाह एवं द्रुत गति से वाहन चलाकर आमनागरिकों के जीवन को संकटापन्न मे लाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं,नाबालिगो के द्वारा वाहन चलाने पर परिजनों को बुलाकर कड़ी समझाईस के साथ साथ भारी भरकम चालानी कार्यवाही की जा रही हैं, अमानक साइलेंसर के विरुद्ध अभियान चलाकर जप्ती एवं चालानी कार्यवाही की जा रही हैं, रिंग रोड मे खड़े वाहनों के सम्बन्ध मे ट्रांसपोर्ट यूनियन एवं गैरेज संचालको के साथ बैठक कर रिंग रोड को पार्किंग मुक्त बनाने के सम्बन्ध मे सतत कार्यवाही की जायगी। इसी क्रम मे शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा भी मंच से यातायात जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार एवं शहर के यातायात की समस्याओं एवं उनके निदान पर अपना वक्तव्य जाहिर किया गया, सभी गणमान्य नागरिको ने जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों एवं शिविर मे शत प्रतिशत भाग लेने की बात बताई गई, साथ ही लाइसेंस शिविर एवं चिकित्सा शिविर से आमनागरिकों, चालकों परिचालको को लाभान्वित होना बताया गया। सडक़ सुरक्षा माह अन्तर्गत यातायात जागरूकता कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, आलोक दुबे, रविन्द्र तिवारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

### पथ सुरक्षा जीवन सुरक्षा

सरगुजा पुलिस द्वारा पथ सुरक्षा जीवन सुरक्षा अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता शिविर आयोजित किये जायेंगे, साथ ही स्कूली बच्चों मे जागरूकता, हेलमेट रैली, यातायात जागरूकता मैराथन, ऑटो, बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के चालकों एवं परिचालको के आँखो की जांच, लेर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किये जाने की जानकारी दी गई।

# अम्बिकापुर में गुरु गोविंद सिंह 357 वें प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

गुरु सिंह सभा द्वारा धन-धन गुरु गोविंद सिंह के 357 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बढ़-चढक़र सिख समाज एवं अन्य समुदाय के लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा गुरु सिंह सभा स्कूल रोड गुरुद्वारा से निकलकर महामाया चौक, सदर रोड, जय स्तंभ रोड, बाबू पारा होते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक निवास में पहुंची। जहां शोभायात्रा तथा गुरु ग्रंथ साहब का श्रद्धापूर्वक स्वागत करते हुए शब्द कीर्तन किया गया। उसके पश्चात शोभायात्रा ब्रह्म रोड संगम चौक और महामाया चौक होते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पहुंची। जहां पर शबद कीर्तन बरदास के पश्चात प्रसाद वितरण और गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण लुधियाना से आए गतका पार्टी द्वारा किए गए। जो जगह-जगह पर अपनी कला दिखाकर जनमानस पर अपनी अमित छाप छोड़ी। शोभायात्रा निशांन साहब और पंज प्यारों की अगवाई में निकाली गई। निशान साहब की सेवा जसमीत सिंह एवं जगजोत सिंह भामरा द्वारा किया गया। हरमिंदर सिंह भामरा गुरु सेवक सिंह भामरा, प्रताप सिंह, सोहल प्रितपाल सिंह, मथारू प्रितपाल सिंह, भामरा मोंटी ने गुरु की बक्शी हुई पोशाक पहन कर पांच प्यारों के रूप में शोभायात्रा में अपनी सेवा प्रदान की। इसके पूर्व चौपाई साहिब के लड़ीवार पाठ एवं प्रभात फेरी से शहर का वातावरण भक्तिमय बना दिया गया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान रघुवीर सिंह छाबड़ा एवं सचिव सरदार नरेंद्र सिंह भामरा मुख्य रून से शामिल रहे। उक्त जानकारी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रवक्ता जितेंद्र सिंह सोढ़ी एवं जगजीत सिंह छाबड़ा रिंकू ने दी।

# पंचदेव मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।




पंचदेव मंदिर में भारतीय जानता पार्टी द्वारा स्वच्छता अभियान का कार्य किया गया। इसके साथ ही मंदिर के गुंबज मुख्य द्वार बाउंड्री वाल का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंचदेव मंदिर समिति के अध्यक्ष रघुनाथ सोनी महामंत्री परशुराम सोनी ,बलराम सोनी ,सतीश जैन ,बजरंगी सोनी ,कृष्ण सोनी ,बबलू सोनी मंदिर के पुरोहित पंडित संजय तिवारी ,रतन सोनी, अंशु सोनी ,चिराग सोनी ,राजा बाबू सोनी सभी के उपस्थिति में मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया। स्वच्छता अभियान जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ,संजय अग्रवाल, परशुराम सोनी,सतीश जैन,रमेश जायसवाल,शैलेश सिंह ,रामप्रवेश पांडेय, मालती यादव, इन्दु कश्यप ,पूनम सिंह ,बीरेन्द्र सिंह बघेल, वीर सोनी, आतिश सिंह राजपूत, नीलम रजवाड़े उपस्थित थे।

# मौसम विज्ञान विभाग की 150 वें स्थापना दिवस पर अंबिकापुर वेधशाला में हुआ कार्यक्रम



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

15 जनवरी को भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150 वें स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मौसम कार्यालय अंबिकापुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डॉ. अनिल सिन्हा प्रोफेसर भूगोल राजीव गांधी पीजी कॉलेज के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित सभी अतिथि एवं कार्यालय के सदस्य नई दिल्ली में होने वाले मुख्य समारोह में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ। इस अवसर पर पीजी कॉलेज के भूगोल स्नातकोत्तर कक्षाओं के 40 विद्यार्थी भी उपस्थित थे। जिन्हें स्थानीय कार्यालय एवं अन्य वेधशालाओं में प्रेषण संबंधी विविध क्रिया कलापों एवं मौसमी तत्वों की जानकारी मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने दिया। आने वाले अन्य अतिथियों को भी मौसम वेधशाला कार्यप्रणाली एवं उपकरणों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मौसम विज्ञान केंद्र के बी लकड़ा, श्रीधर पाठक, कुंदन कुमार, सावन कुमार, जितेन्द्र आदि ने अपनी अपनी भूमिकाओं का सम्यक निर्वहन किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएम जनमन के हितग्राहियों से किया सीधा संवाद

**कार्यक्रम में जिले के तीनों विधायक, कलेक्टर, एसपी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी,सहित बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के लोग रहे मौजूद**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।








विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों पीव्हीजीटी के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को पीएम जनमन के हितग्राहियों सीधा संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सरगुजा संभाग से जशपुर जिले की मनकुंवारी से बात की। मनकुंवारी ने प्रधानमंत्री के पीएमजनमन योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित पक्के मकान से मिले लाभ के बारे में बताया। विकासखंड अम्बिकापुर के पहाड़ी कोरवा बहुल ग्राम खाला में जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, विधानसभा सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, कलेक्टर श्री विलास भोस्कर, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही सहित बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के लोग मौजूद रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यगीत के साथ हुआ। विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकास की मूलधारा से वंचितों को जोडने एवं दुनिया के साथ कदम मिलाकर चलाने के लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की है। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं के छूटे लोगो को जोड़ने का काम हुआ है। योजना के तहत पीवीटीजी पहाड़ी कोरवा लोगों को लाभ दिलाया जा रहा है। आज इस कार्यक्रम के साथ सामाजिक सुरक्षा, भौतिक संसाधन प्रदान करने की शुरुआत हो चुकी है, प्रत्येक व्यक्ति तक आधारभूत सुविधाएं पहुचेंगी।



अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि पीएमजनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभ दिलाने जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्तव्यबद्ध होकर काम करेंगे, जिससे यह योजना निश्चित ही सफल होगी। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल से विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को लाभ मिलेगा और देश विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो, ताकि अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले।

बदला जीवन, हितग्राहियों के चेहरों पर आई मुस्कान, योजना के तहत हितग्राहीमूलक योजनाओं से किया गया लाभान्वित-

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण किया गया। जिनमें जन-धन, जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), केसीसी कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, उज्जवला योजना, सुकन्या योजना, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विद्युत कनेक्टीवीटी, एफआरए पट्टा, पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, नल जल योजना, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्कूल शिक्षा विभाग, जॉब कार्ड सहित अन्य विभागों से सम्बंधित योजनाओं से लाभान्वित कर प्रमाणपत्र एवं सामग्रियों का वितरण किया गया।

### अतिथियों ने विभागीय स्टॉल का किया निरीक्षण-

जिला स्तरीय कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभागज, ट्राइफेड, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग, समग्र शिक्षा, पशुधन विकास विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विभागीय स्टॉल लगाए गए। अतिथियों ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर उपस्थित हितग्राहियों से बात की। उन्होंने इस दौरान महिलाओं द्वारा बनाए गए मिलेट्स व्यंजनों का भी स्वाद चखा। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए मोडलोक भी अवलोकन कर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया।

# ईरानी शहरी विकास मंत्री से जयशंकर ने की मुलाकात,

## चाबहार बंदरगाह से जुड़े मुद्दों पर हुई बातचीत

**तेहरान, 15 जनवरी 2024।** तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास मंत्री के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर मजबूती पर चर्चा की गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर दोनों पक्षों के बीच चल रही उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने ईरान गए हैं।



### दौरे से जुड़ा पोस्ट सोशल मीडिया पर किया साझा

सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि ईरान के शहरी विकास मंत्री के साथ मेरी बैठक हुई। इस दौरान चाबहार बंदरगाह के जुड़े संबंधों को सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे( आईएनएसटीसी) भी बैठक का मुद्दा रहा। बता दें आईएनएसटीसी एक परिवहन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के जरिए से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जयशंकर का ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मिलने का कार्यक्रम है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की संभावनाएं हैं।

### ईरान-भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने पर जोर

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अगस्त में ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी के साथ मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं ने कनेक्टिविटी हब के तौर पर चाबहार बंदरगाह की मजबूती के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया था। ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह भारत के लिए व्यापार के लिए अहम है। चाबहार बंदरगाह के जरिए ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया के बीच व्यापार किया जाता है।

# उपराष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही,निक्की

## हेली बोलीं...नहीं चाहती कमला हैरिस राष्ट्रपति बनें

**वॉशिंगटन, 15 जनवरी 2024।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा है कि वह उपराष्ट्रपति बनने की इच्छुक नहीं हैं और वह सिर्फ अमेरिका की अगली राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। निक्की हेली का यह बयान आयोवा कॉकस से पहले आया है, जिसके बाद आधिकारिक रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



**मैं कभी भी दूसरे स्थान के लिए नहीं खेलती**

दरअसल निक्की हेली से सवाल पूछा गया था कि कुछ मतदाताओं का कहना है कि वह निक्की हेली को उपराष्ट्रपति के रूप में देखना पसंद करेंगे ना कि राष्ट्रपति के रूप में। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए निक्की हेली ने कहा कि मैं उपराष्ट्रपति बनने की इच्छुक नहीं हूं। मैं राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी पेश कर रही हूं और मैं जीतने के लिए चुनाव लड़ रही हूं। दक्षिण कैरोलिना राज्य की पूर्व गवर्नर हेली ने कहा मैं कभी भी दूसरे स्थान के लिए नहीं खेलती।

**मैं नहीं चाहती कमला हैरिस राष्ट्रपति बने**

निक्की हेली ने उन्हें उपराष्ट्रपति और डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में देखने वाले मतदाताओं को कहा कि क्या आप चार साल और अराजकता देखना चाहते हैं, क्योंकि इससे आपको यही मिलेगा। इससे भी ज्यादा चिंता की बात ये है कि ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे की टक्कर है और अगर इन दोनों के बीच चुनाव होगा तो यह करीबी मुकाबला होगा। मैं नहीं चाहती कि कमला हैरिस राष्ट्रपति बने। निक्की हेली ने दावा किया कि राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उनके और ट्रंप के बीच ही मुकाबला है। निक्की हेली की लोकप्रियता बीते कुछ हफ्तों में बढ़ी है और कई विशेषज्ञ मानते हैं।

# 2047 तक विकसित भारत बनने के लिए विज्ञान-शोध पर और निवेश जरूरी,US में बोले केंद्रीय सचिव

**वॉशिंगटन, 15 जनवरी 2024।** विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने लिए रिसर्च और निवेश को बढ़ावा देना जरूरी है। केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में शामिल शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि श्रमिकों के कौशल को निखारने की जरूरत है, इससे कार्यबल की गुणवत्ता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि रिसर्च और डेवलपमेंट में भी निवेश बढ़ाना समय की मांग है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीगर ने यह टिप्पणी अमेरिका में की। वॉशिंगटन में पैनआईआईटी 2024 के मौके पर करंदीकर ने प्रशिक्षण हासिल कर चुके कामगारों की कमी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग बढ़ाने की जरूरत है।



समाचार एजेंसी पीटीआई के साथ इंटरव्यू में करंदीकर ने निजी क्षेत्र सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ी इकाइयों में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भी और निवेश बेहद जरूरी है। अभी जितने पैसे लगाए जा रहे हैं, इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की जरूरत है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का जिक्र करते हुए करंदीकर ने कहा कि वैश्विक औसत से तुलना करने पर भारत में शोध पर काफी कम पैसे खर्च किए जाते हैं। अगर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करना है तो तस्वीर बदलनी होगी। निवेश बढ़ाना ही होगा।

उन्होंने कहा कि हमारे उद्योग और निजी क्षेत्र को शिक्षा जगत के साथ मिलकर काम करना होगा। करंदीकर ने कहा, उद्योग जगत के लोग अगर शिक्षा जगत से जुड़कर सहयोग करें, निजी क्षेत्र अनुसंधान और विकास पर खर्च करें तो चुनौतियों का बेहतर मुकाबला किया जा सकता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इसलिए अगले 25 वर्षों में प्रौद्योगिकी और नवाचार पर फोकस जरूरी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इन दो क्षेत्रों को प्रमुख भूमिका निभानी होगी।

करंदीकर ने कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए कहा, कोरोना संक्रमण के कठिन दौर के बाद भारत में इनोवेशन बढ़ा है। भारत में कोरोना टीके विकसित किए गए। अब हम टीकों के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक हैं। भारत में वेंटिलेटर जैसे कई मेडटेक उपकरण भी विकसित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, भारत को एक बहुत मजबूत मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम विकसित करने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से मंजर पूरी तरह बदल जाएंगे। भारत के पास दो कारणों से बहुत बड़ा मौका है। उन्होंने कहा, डेटा सेट के दृष्टिकोण से हमारी जनसंख्या बेहद कारगर साबित होगी। कोई भी अन्य देश इतनी बड़ी संख्या में डेटा जेनरेट नहीं कर सकता।

# संदिग्ध फलस्तीनी ने तेज रफ्तार कार से 13 लोगों को कुचला

### हालत गंभीर,आरोपी हेब्रॉन शहर से गिरफ्तार

**तेल अवीव , 15 जनवरी 2024।** इस्राइल में संदिग्ध फलस्तीनी ने 13 लोगों को तेज रफ्तार कार से कुचल डाला। हादसे में 13 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। मौका-ए-वारदात पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने बताया कि हमला या हादसे के कारणों की सटीक जानकारी नहीं है। जांच जारी है। आरोपी को हादसे के बाद गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

### फॉरेंसिक टीम ने मौका-ए-वारदात से जुटाए सबूत

कार से कुचले गए लोगों के बारे में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक इस्राइली फॉरेंसिक टीम ने रानाना शहर में हुए हादसे के बाद घटनास्थल से अहम सबूत जमा किए। इस्राइली पुलिस ने बताया कि उसके कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनी शख्स की तरफ से किए गए संदिग्ध कार हमले में 13 लोग घायल हो गए।




### चोरी की कार चला रहा हमलावर हेब्रॉन शहर से गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक चोरी के वाहन में सवार संदिग्ध कार की गति पर कंट्रोल नहीं कर पाया। तेज रफ्तार कार में सवार इस शख्स ने कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में बुरी तरह घायल एक महिला क मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कार में सवार संदिग्ध हमलावर हेब्रॉन शहर से गिरफ्तार किया गया है।


### इस्राइल में तीन महीने से जारी है लड़ाई

बता दें कि इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष विगत सात अक्तूबर से शुरू हुआ। इस्राइल हमास को आतंकी संगठन घोषित कर चुका है। इस हिंसक संघर्ष में अब तक 24 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुक है।

इस्राइली सेना गाजा में हमास के आतंकी ठिकानों को लगातार निशाना बना रही है। इस्राइली सेना के मुताबिक उसके 1200 से अधिक सैनिकों / नागरिकों की मौत हो चुकी है। जवाबी कार्रवाई के दौरान 22 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। मौत के आंकड़े में हमास के आतंकियों समेत गाजा पट्टी पर रहने वाले आम नागरिक भी शामिल हैं।

# चीन-ताइवान में फिर तनातनी,पीएलए के छह चीनी लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ की कोशिश

**नई दिल्ली, 15 जनवरी 2024।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। शनिवार और रविवार को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के मिनिस्ट्री ऑफ नेशनल डिफेंस ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि छह चीनी लड़ाकू विमान 14 जनवरी और 15 जनवरी को सुबह करीब छह बजे ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के चार युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए।



**ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने जारी किया बयान**

बयान में बताया गया है चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी के एक सैन्य परीक्षण वाले ड्रोन ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार किया और देश के दक्षिण पश्चिमी हवाई क्षेत्र तक पहुंच गया था। ताइवान ने बताया कि उनकी सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की और तुरंत अपने लड़ाकू विमान और नौसैन्य नौकाओं को मौके पर भेजा। साथ ही अपने एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को एक्टिव कर दिया। ताइवानी मीडिया के अनुसार, रविवार को ही ताइवान की सीमा में एक संदिग्ध चीनी गुब्बारा भी देखा गया। हालांकि शाम करीब साढ़े चार बजे चीन का संदिग्ध गुब्बारा उत्तर पूर्वी सीमा से ताइवान की सीमा से बाहर निकल गया। ताइवान की सीमा के नजदीक अब तक करीब 114 चीनी एयरक्राफ्ट और 65 नौसैन्य जहाज देखे जा चुके हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीन ताइवान के खिलाफ ग्रे जोन टैक्टिक्स का इस्तेमाल कर रहा है। इसके तहत चीन के लड़ाकू विमान लगातार ताइवान की सीमा के आसपास उड़ान भर रहे हैं। कई बार इन लड़ाकू विमानों ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ भी की है।

# कार रेस के दौरान सिख महिला की टक्कर लगने से हुई थी मौत,भारतीय मूल के युवक को छह साल की जेल



**लंदन, 15 जनवरी 2024।** रोडरेज मामले में ब्रिटेन में 80 साल की सिख महिला की हत्या के आरोप में भारतीय मूल के एक व्यक्ति समेत दो लोगों को जेल की सजा सुनाई गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुद्वारे से घर जा रही महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी थी। नवंबर 2022 को वेस्ट मिडलैंड्स काउंटी के राउली रेजिस में ओल्डबरी रोड पर यह हादसा हुआ था।

### कार रेस ने पहुंचाया जेल आरोपियों को जेल में

मामले पर स्थानीय पुलिस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आरोपी अर्जुन दोसांझ और अन्य आरोपी जेसेक वियात्रोव्स्की एक-दूसरे को पहल से नहीं जानते थे, लेकिन घटना से पहले ट्रैफिक लाइट पर रुकने के दौरान दोनों ने रेस लगाने का फैसला किया था। पुलिस ने दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज में देखने पर लगता है कि दोनों कारों की रफ्तार तय सीमा से ज्यादा थी।

### सीसीटीवी फुटेज ने जरिए पकड़े गए आरोपी

वीडियो फुटेज के मुताबिक, आरोपी वियात्रोव्स्की ने सड़क पार कर रही महिला को देखकर ब्रेक लगा दी थी, जिससे वह उसकी गाड़ी से टकराने से बच गई थी। लेकिन रेस लगा रहे दोसांझ ने अपनी गाड़ी को दूसरी दिशा में मोड़ दिया। उस दौरान वियात्रोस्की की गाड़ी को बचाने के चक्कर में उसने 81 वर्षीय सिख महिला को टक्कर मार दी थी। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के क्रिस रिज ने कहा कि दोनों आरोपी एक-दूसरे को नहीं जानते थे, लेकिन गाड़ियों की रेस की चक्कर के कारण बुर्जुग महिला को अपनी जान से हाथ गवांना पड़ा। गौरतलब है कि दोनों आरोपियों ने तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के अपने आरोपों को स्वीकार किया है।

### दोनों आरोपियों को छह साल की कैद

रिपोर्ट में कहा गया कि वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट ने दोनों आरोपियों को छह साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों दोषियों पर आठ साल के लिए गाड़ी चलाने पर रोक लगा दी हैं। अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार ने कहा कि हमारी मां साधारण जीवन जीने में विश्वास रखती थी, हादसे के दिन वह गुरुद्वारे से घर जा रही है, वह एक धार्मिक महिला थी। हमारे लिए इस दुखद घटना से उभरना किसी चुनौती से कम नहीं था।

# सनातन संस्कृति के तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा हैःतन्मयानंद महाराज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महामना मालवीय मिशन सरगुजा के तत्वावधान में अध्यात्मिक समागम गीता पाठ का आयोजन किया गया। डीसी रोड निवासी पार्षद टीनी सिंह के निवास स्थान पर स्वामी तन्मयानंद महाराज के सानिध्य में गीता के अध्याय दो का सस्वर पाठ और प्रासंगिक प्रसंगों पर नगर के विद्वानों द्वारा विचार व्यक्त किया गया।

स्वामी तन्मयानंद ने भारतवर्ष की वर्तमान परिदृश्य और भारतीय राजनीति की दिशा तथा गीता ज्ञान विषय पर पर विचार व्यक्त करते हुए कहा की हमारे राष्ट्र की गतिविधियों पर सम्पूर्ण विश्व का नजर है। विश्व के तमाम शक्तिशाली देश के राजनेता भारतवर्ष के ओर देख रहे हैं कारण कि यहां हर दिन कुछ न कुछ नया हो रहा है। सनातन संस्कृति के तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा है, अंबिकापुर नगर में महामना मालवीय मिशन के द्वारा विगत तेरह वर्षो से प्रति रविवार को आध्यात्मिक संगोष्ठी एवं गीता पाठ का आयोजन होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। गीता पाठ में सहभागी सभी लोगों पर सतोगुण का प्रभाव है। और जहां सतोगुण का प्रभाव होता है वहां साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हमारे सभी महापुरुषों ने गीता के आदर्शों को अपनाया। गीता कर्म करने का सीख देती है पर कर्मों में परायणता और निष्ठा होनी चाहिए। हम जो कर रहे हैं वह समाजहित राष्ट्रहित, जनकल्याण तथा विश्व कल्याण की दृष्टि से कितना यथोचित है



व्यक्ति को इस पर विचार करना चाहिए। ऐसी भावना जब व्यक्ति में आ जाये तो वह कभी गलत कर्म नहीं करेगा।

मालवीय मिशन के सदस्यों ने गीता का पुस्तक भेंट कर स्वामी जी का सम्मान किया। पं. ललित मोहन तिवारी, ब्रम्हाशंकर सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी राजकुमार गुप्ता ने सविस्तार द्वितीय अध्याय पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन पं. राज नारायण द्विवेदी ने बड़े रोचक तरीके से मार्मिक प्रसंगों के साथ किया। आभार प्रदर्शन करते हुऐ संस्था के महासचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा की किसी भी समाज को जब-जब संतों का सानिध्य मिला है तो वह समाज उत्तरोत्तर प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर हुआ है। स्वामी जी के आभार प्रदर्शन के लिए हमारे पास कोई शब्द नहीं है हमें तो इनसे आशीर्वाद चाहिए। ऐसे संतों का अंबिकापुर नगर में निवास करना हमारे सौभाग्य को रेखांकित करता है । कार्यक्रम में आरएन अवस्थी, हरिशंकर सिंह, माधव शर्मा, रणविजय सिंह तोमर, अशोक सोनकर, बीएल गुप्ता, हरमिंदर सिंह बाबरा सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# 2 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

2 किलो गांजा के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




गांधीनगर पुलिस को सोमवार को मुखबिर से जानकारी मिली की बनारस रोड स्थित चठिरमा के पास एक व्यक्ति बाइक में गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदेही को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से दो किलो गांजा पाया गया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा, बाइक सहित 10 बजार रुपए नकदी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सूरज साहू पिता काशी प्रसाद साहू उम्र 27 वर्ष निवासी शिवधारी कॉलोनी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, महिला आरक्षक भोली राजवाड़े, आरक्षक अनिल सिंह, सतीश कुमार, देवेंद्र पाठक, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह शामिल रहे।

# कलेक्टर सूरजपुर ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ









यातायात जागरूकता रथ व हेलमेट रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना।

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की प्रेरणा, दुर्घटना से बचाव के उपाय से लोगों को अवगत कराने, यातायात नियमों की जानकारी सहित यातायात संबंधी विविध आयोजन सड़क सुरक्षा माह के दौरान सूरजपुर पुलिस के द्वारा की जाएगी। सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ सोमवार, 15 जनवरी 2024 को कलेक्टर रोहित ब्यास व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित ब्यास ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागृत करना और उनके जीवन को सुरक्षित करना है, जिला प्रशासन, पुलिस व आरटीओ के द्वारा इन एक माह में कई कार्यक्रम आयोजित करके,लोगों को सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। भारत में प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में सड़क सुरक्षा का यह आयोजन होता है जिसका मुख्य उद्धेश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना है।

» **हरी डण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रथ व हेलमेट रैली किया रवाना**

» **लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एक माह तक किए जायेंगे विविध आयोजन**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि आमजन यातायात नियमों का पालन करें ताकि दुर्घटना से बचा जा सके, बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, हेलमेट का उपयोग नहीं करने से दुर्घटना के समय सिर में चोट लगने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है इससे बचाव के लिए हेलमेट धारण किया जाना आवश्यक है क्योंकि हमारी सुरक्षा से पूरे परिवार की सुरक्षा भी जुड़ी होती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है इस हेतु आमजनों को घायल व्यक्ति को तुरंत निकटतम अस्पताल ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने व सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यातायात जागरूकता रथ व हेलमेट रैली को कलेक्टर श्री रोहित ब्यास व एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, यातायात प्रभारी राजाराम राठिया, एसआई पियुष चन्द्राकर सहित यातायात, थाना-चौकी व पुलिस लाईन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोई है जो चिरमिरी के सोनकर एन्ड सोनकर कंपनी का अवैध कोयले का कारोबार बंद करा सके...?

## कुरासिया ओपन कास्ट माइंस से दिनदहाड़े निकाला जा रहा अवैध कोयला और बड़े पैमाने पर ईट भट्टे में खपाया जा रहा है कोयला

## जेसीबी लगाकर किया जा रहा है कोयले का अवैध उत्खनन और संबंधित विभाग बना मूकदर्शक...पुलिस के लिए भी सोनकर एन्ड सोनकर कंपनी बनी चुनौती

## कोयले के काले कारोबार में बाधा बनने वाले लोगों का जान भी ले सकते हैं यह कारोबारी

## अवैध तरीके से पांच ट्रक से अधिक कुरासिया ओपन कास्ट से कोयले के अवैध कारोबारियों ने निकाला कोयला, कर रखा है इकट्ठा,कभी भी पहुंच सकता है ईट भट्ठा

## बंद कुरासिया ओपन कास्ट माइंस में कोल माफिया का दबदबा...कोल माफिया की बढ़ती हिम्मत ने पूरे क्षेत्र में बना रखा है दहशत का माहौल

-रवि सिंह-
एमसीबी, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।


एमसीबी व कोरिया जिले में कोयल का अवैध कारोबार हर साल कारोबारी करते हैं इस बड़े कारोबार में सभी राजनीतिक दल के पार्टी समर्थक शामिल है यही वजह है कि यह कारोबार सरकार किसी की भी रहे इस कारोबार को बंद नहीं किया जा सकता है, सत्ता बदलने के बाद इस कारोबार में थोड़ा सा अंकुश लगा हुआ है फिर भी चोरी छुपे यह कारोबार हो रहा है कोरिया जिले की बात की जाए तो यहां के कारोबारी मौके का इंतजार कर रहे हैं पर वही एमसीबी जिले के चिरमिरी में सोनकर एंड सोनकर कंपनी कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से कर रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुरासिया ओपन कास्ट कोयला खदान जो बंद हो चुका है वहां पर सोनकर और सोनकर कंपनी जेसीबी मशीन लगाकर प्रतिदिन 5 से 6 ट्रक कोयला निकाल रही है और ईट भट्ठों में पहुंचा जा रहा है, कोयले के अवैध कारोबार में संलिप्त सोनकर एंड सोनकर कंपनी बिना किसी भय के कोयले का अवैध कारोबार बीजेपी सरकार में भी कर रही है, अभी भी पांच ट्रक से अधिक कोयला उनके द्वारा निकाल कर एक जगह जमा किया गया है, जिस कोयले को ईट भट्ठे तक पहुंचाने की तैयारी थी, उससे पहले मीडिया की एक टीम जहां पर अवैध कोयला का ढेर इकट्ठा किया हुआ था वहां पहुंच गई, आश्चर्य की बात तो यह है कि मीडिया की टीम वहां तक पहुंच पा रही है पर पुलिस क्यों नहीं पहुंच पाती?

### कांग्रेस शासनकाल में नेता प्रतिपक्ष भाजपा विधायक ने खुद चिरमिरी पहुंचकर खोली थी पोल,सरकार पर मिलीभगत का भी लगाया था आरोप,अब भाजपा की सरकार क्या बंद होगा अवैध कारोबार?

पूर्व नेता प्रतिपक्ष भाजपा विधायक ने कांग्रेस शासनकाल में खुद चिरमिरी की अवैध कोयले खदानों में पहुंचकर इस कारोबार की पोल खोलने का काम किया था उनके द्वारा पूरे मामले में तत्कालीन कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया गया था और यह आरोप भी उन्होंने लगाया था की सबकुछ मिलीभगत से संभव हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष भाजपा विधायक के उस समय के विरोध को देखकर लगा था की निश्चित ही भाजपा सरकार आते ही यह कारोबार बंद होगा लेकिन अब जबकि भाजपा की सरकार है और कारोबार जारी है क्या इसे भाजपा की सरकार बंद कराएगी यह बड़ा सवाल है।

### कई ट्रक कोयला है एक जगह इकट्ठा,कई ईंट भट्ठों में भी है अवैध कोयला,क्या खबर प्रकाशन के बाद होगी कार्यवाही,क्या जब्त होगा अवैध कोयला

चिरमिरी में सोनकर एंड सोनकर कंपनी ने कई जगह कई ट्रक कोयला जमा कर रखा है जो अवैध कोयला है। वहीं कई अवैध ईट भट्ठों में भी अवैध कोयला इकट्ठा है, क्या अब खबर प्रकाशित होने उपरांत यह कोयला पुलिस जब्त करेगी क्या कार्यवाही देखने को मिलेगी। यदि कार्यवाही देखने को मिलती है तो कहा जायेगा की सभी जिम्मेदारी से अपना काम कर रहे हैं वहीं कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में यह तय हो जायेगा की मिलीभगत से सब संभव हो रहा है और आगे भी ऐसा जारी रहने वाला है।





### दिन दहाड़े जेसीबी से हो रहा उत्खनन बड़ी ट्रकों से हो रहा परिवहन ,जिम्मेदार अनभिज्ञ?

चिरमिरी में अवैध रूप से कोयले का उत्खनन जेसीबी से दिनदहाड़े हो रहा है बड़ी बड़ी ट्रकों से परिवहन हो रहा है फिर भी जिम्मेदारों को पता नहीं चल पा रहा है यह बड़ा सवाल है। जिम्मेदार किस दुनिया में लीन हैं यह बताने वाला भी कोई नहीं है क्योंकि जिस तरह यह कारोबार हो रहा है कहा जा सकता है की सब कुछ जानकर भी मौन इसलिए हैं जिम्मेदार क्योंकि सभी का हिस्सा तय है और हिस्सा के ही असर है किसी को कोई लेना देना नहीं है। वैसे कोयले के अवैध कारोबार में यह कोई विचित्र बात नहीं है की जिम्मेदार मौन हैं फिर भी सवाल उठाना मजबूरी है।

### कारोबारियों के ठिकाने तक मीडिया पहुंच जाती है पर पुलिस क्यों नहीं पहुच पाती है?

पुलिस आखिर क्या कर रही है जो वह अवैध कारोबारियों के ठिकाने तक नहीं पहुंच पा रही है जबकि मीडिया पहुंच पा रही है। कहीं न कहीं यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल है क्योंकि कानून व्यवस्था सहित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का काम पुलिस का है जो काम वह नहीं कर पा रही है ऐसा अभी ही देखने को मिल रहा है ऐसा नहीं है पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में भी कोयले का अवैध कारोबार पुलिस नहीं रोक पाई थी उसे अवैध रूप से जारी अवैध कोयले के कारोबार और कारोबारियों का साथ ही उनके ठिकाने का ही पता नहीं चल पाता था आज भी हाल वैसा ही है आज भी पुलिस सब कुछ से अनभिज्ञ केवल वेतनभोगी बनी हुई है कानून व्यवस्था अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है। पूर्व में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा भी अवैध कोयले के भंडार तक पहुंच गए थे लेकिन कोई नहीं पहुंच पाया था तो वह पुलिस थी। खैर अब जब पुलिस को पता चल रहा है मिडिया के माध्यम से की कौन कोयले का कारोबार कर रहा है कहां अवैध उत्खनन हो रहा है कहां भंडारण हो रहा है तो देखना है की वह अब कार्यवाही करती है की नहीं इस कारोबार पर अंकुश लगाती है की नहीं।

### सोनकर एंड सोनकर कंपनी कर रही है चिरमिरी में अवैध कोयले का कारोबार

चिरमिरी में सोनकर एंड सोनकर कंपनी अवैध कोयले का कारोबार कर रही है। सोनकर एंड सोनकर कंपनी को लेकर सूत्रों का कहना है की पहले यह छोटे स्तर पर कारोबार करते थे लेकिन अब यह बड़े स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। सोनकर एंड सोनकर कंपनी दिन भर में कई ट्रक कोयला अवैध रूप से उत्खनन कर रही है और उसे ईट भट्ठों को से अवैध रूप से बेच रही है।

### अवैध रूप से संचालित हो रही हैं बंद खदाने,जेसीबी लगाकर निकाला जा रहा है अवैध रूप से कोयला

-चिरमिरी की बंद कोयला खदाने अब अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं। जेसीबी लगाकर कोयला निकाला जा रहा है और उसे बड़ी बड़ी ट्रकों में लादकर फिर ईट भट्ठों तक पहुंचाया जा रहा है। देखा जाए तो बंद खदानों में उत्खनन करना खतरनाक है वहीं कई जगह चिरमिरी में आग भी लगी हुई है जान का भी जोखिम है फिर भी जारी है अवैध कोयले का कारोबार। सोनकर एंड सोनकर कंपनी अभी इस काम में अग्रणी बनी हुई है जिसका दबदबा इतना है की पुलिस भी उनके सामने नतमस्तक है और कुछ कर पाने की स्थिति में नहीं है।

### संबंधित सभी विभाग मामले में बने हुए हैं मूकदर्शक-

अवैध कोयला कारोबार मामले में सभी संबंधित शासकीय विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। खनिज,वन,पुलिस,राजस्व सहित एस ई सी एल सभी केवल देख रहे हैं कोई अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं है। दिनदहाड़े कोयले का अवैध उत्खनन हो रहा है,अवैध रूप से परिवहन वन क्षेत्र में हो रहा है अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठों में बेचा जा रहा है और किसी को कोई लेना देना नहीं सभी मौन हैं। अवैध ईट भट्ठों में जाकर भी यदि राजस्व विभाग या खनिज विभाग कार्यवाही करे तब भी इस कारोबार में गिरावट आ सकती है वहीं वन विभाग पुलिस विभाग भी चाहे तो एक दिन में यह कारोबार बंद किया जा सकता है लेकिन किसी को कोई लेना देना नहीं है और इसको बढ़ावा देना ही जैसे उद्देश्य है सभी का यही लगने लगा है।

# पीएचई के तकनीकी अधिकारी की गौरघाट में डूबने से संदेहास्पद मौत



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार पिकनिक के लिए सोनहत के गौरघाट जलप्रपात गए हुए थे। इसी दौरान विभाग के थर्ड पार्टी इंस्पेक्टर स्वराज चक्रवर्ती की पानी मे डूबने से दुखद मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है की बैकुंठपुर के एक ठेकेदार ने इस पिकनिक का आयोजन कराया था। उसने सभी के लिए शराब की भी व्यवस्था कराई थी। इससे कुछ साल पूर्व बैकुंठपुर के पी एचई कार्यपालन अभियंता विजय कुमार मिंज की मैनपाट में संदेहास्पद मौत हुई थी। विजय कुमार मिंज का विभाग में कार्यो को लेकर कुछ ठेकेदारों से विवाद का भी मामला चर्चा में था। हालांकि उस मृत्यु को भी दुर्घटना माना गया था। अब इसी विभाग के ही महत्वपूर्ण कार्य करने वाले तकनीकी अधिकारी की मृत्यु हो गई। पिकनिक स्पॉट में किसी निर्माण कार्य की जांच को लेकर इनका आपस में वादविवाद की भी खबरें हैं।

### भोजन करने के बाद स्नान करने गया युवक

आम तौर पर पिकनिक स्पॉट पर लोग पहले सैरसपाटा स्नान आदि करते है, इसके बाद खानापीना कर वापस आते हैं, किन्तु श्री चक्रवर्ती का लौटते समय स्नान करना और डूबना संदेह को जन्म देता है।


### न्यायिक जांच जरूरी

पीएचई के युवा अधिकारी के मौत की न्यायिक जांच की जानी चाहिए। जिससे यह मृत्यु दुर्घटना है या कोई और वजह। इसका पता चल सके।

### ये लोग थे पिकनिक पार्टी मे सामिल

मृतक स्वराज चक्रवर्ती के साथ इस पिकनिक में सब इंजीनियर शैलेंद्र पाटले, ठेकेदार संजय गुप्ता बैकुंठपुर, विकास खत्री, अमित तिवारी, राधिका अंजन, व्हीके मिश्रा, एसपी सिंह शामिल थे।

# तंजरा में बाहरी ठेकेदारों के मनमानी का विरोध करने पहुंचे पूर्व जंप अध्यक्ष व क्षेत्रीय जंप सदस्य



-संवाददाता-
कोरिया/ सोनहत, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत तंजरा में स्वीकृत जलसंसाधन विभाग के स्टांप डेम निर्माण में बाहरी ठेकेदारों के द्वारा किये जा रहे मनमानी का विरोध सोनहत विखं में तेज हो गया है, इस मामले पर सत्ता, विपक्ष स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार विरोध करते हुए निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया है। उक्त निर्माण कार्य स्थल पर शुक्रवार की शाम जंप पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामप्रताप मरावी व स्थानीय जंप सदस्य सोनिया राजवाड़े अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे।

जहां ठेकेदारों के द्वारा फिर जेसीबी मशीन निर्माण कार्य में गलत तरीके से लगा कर काम चालू करने का प्रयास किया जा रहा था जिसपर रोक लगाते हुए पूर्व जंप अध्यक्ष रामप्रताप मरावी ने कहा कि यह बात बिल्कुल गलत है, जब पुरे क्षेत्र में बाहरी ठेकेदारों का विरोध हो रहा तो ठेकेदार को अधिकारी संरक्षण देने में क्यों तुले हैं, ऐसा मनमानी सोनहत क्षेत्र में नहीं चलने दिया जाएगा। हम बाहरी ठेकेदारों की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे और इनको इस क्षेत्र में संरक्षण देने वालों को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जंप सदस्य सोनिया राजवाड़े ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणो व जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद भी ठेकेदार किसके सह पर मनमानी करने आतूर है, ऐसा हमारे प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्र में तथा पुरे सोनहत विखं में नहीं चलेगी। क्षेत्र के लोगों को हमारा पुरा समर्थन है, स्थानीय रेत व अन्य सप्लायर ही काम करेंगे। तानाशाही और बाहरी ठेकेदारों व दलालों का जमकर विरोध किया जाएगा।

# शिवप्रसाद नगर में बड़े पैमाने पर चल रहा जुआ पर क्या बसदेई पुलिस दो छोटी-छोटी कार्यवाही कर अधिकारियों के आंख में धूल झोंकने का कर रही है प्रयास?

## भाजपा नेता व बसदेई पुलिस के संरक्षण में शिवप्रसाद नगर में चल रहा है बड़े पैमाने पर जुआ...पर क्या उस जुआ फड़,बसदेई पुलिस कर पाएगी कार्यवाही?

## क्या खबर छपने के बाद बसदेई पुलिस दो छोटी कार्यवाहियां करके अपने आप को पाक साफ साबित करना चाह रही है?



सूरजपुर के शिवप्रसादनगर में बड़े स्तर पर हो रहा जुआ:सूत्र

अलग-अलग जिलों से आकर जुआरी लगा रहे लाखों का दांव

एक आरक्षक के नाम के डिब्बे में रोज निकाला जाता है पुलिस का हिस्सा

सूरजपुर,03 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

कोतवाली सूरजपुर के अधीन बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र के शिवप्रसाद नगर के धान खरीदी केंद्र के समीप बड़े पैमाने पर जुआ फड़ संचालित हो रहा है यह फड़ ठीक उसी प्रकार से है जैसे कोरिया जिले के शहर में संचालित हुआ करता था, सूत्रों का कहना है कि यहां पर इस जुआ फड़ को भाजपा नेता साथ ही पुलिस चौकी के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत से संचालित किया जा रहा है, जिसमें एक आरक्षक व प्रधान आरक्षक की भूमिका हम है, यहां पर जुआ फड़ जो संचालित हो रहा है उसमें संभाग सहित छत्तीसगढ़ के बाहर के लोग भी आते हैं और दाव लगाते हैं सूत्रों का कहना है कि यहां पर 50 लाख से ऊपर का दांव प्रतिदिन लगाया जाता है ,भारी




संख्या में जुआरी यहां पर आते हैं, जिन्हें यह विश्वास दिलाया जाता है कि यहां पर पुलिस की कार्यवाही नहीं होगी जिस भरोसे पर यहां पर जुआरी आकर बिना किसी भय के लाखों का दाव लगाकर चले जाते हैं, पुलिस के नाम का एक डब्बा भी रखा जाता है जिसमें प्रतिदिन का उनके नाम का पैसा निकाल दिया जाता है, उस पैसे में सारे पुलिस वालों का बराबर बराबर का हिस्सा होता है वही एक प्रधान आरक्षक को इसके अलावा 5000 ज्यादा दिया जाता है वह उसका खुद का पैसा होता है ऐसा सूत्रों का कहना है, दैनिक घटती-घटना ने बड़ी प्रमुखता के साथ जुआ फड़ की खबर प्रकाशित की थी इसके बाद उच्च अधिकारियों ने कर्मचारियों को काफी फटकार लगाई थी और उनकी किरकिरी हो रही थी जिसके बाद इन्होंने उस किरकिरी से बचने के लिए उस जुआ फड़ पर कार्यवाही नहीं की जिसमें प्रतिदिन 50 लाख से ऊपर का दाव लगाया जाता है अपने आप को पाक साफ साबित करने के लिए जुआ फड़ संचालक व पुलिसकर्मियों की मिली भगत दो छोटे-छोटे मामले में कार्यवाही कराई गई और यह बताया गया कि पुलिस काफी सक्रिय है और अब कारोबार पर अंकुश लगाना चाह रही है, खैर मामला जो भी हो पर जुआ की कार्रवाई होने से यह भी साबित हो गया कि क्षेत्र में जुआ हो रहा था।

### जुआ फड़ में प्रधान आरक्षक के नाम से रखा जाता है वसूली डब्बा,प्रधान आरक्षक को मिलता है ज्यादा हिस्सा

बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत शिवप्रशादनगर में धान करीदी खरीदी केंद्र के निकट संचालित जुआ फड़ में एक प्रधान आरक्षक के नाम से एक डिब्बा वसूली का रखा जाता है प्रतिदिन जैसा की सूत्रों का ही कहना है वहीं बताया जाता है की उक्त डिब्बे में वसूली की राशि जमा होती है जो संचालक सहित पुलिस कर्मियों के बराबर बंटती है। एक प्रधान आरक्षक को 5000 अतिरिक्त प्रतिदिन मिलता है जो कुल लगाए गए हिस्से के अतिरिक्त होता है यह भी सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार एक विषय है।

### पुलिस के संरक्षण में जुआ फड़ संचालित होना पुलिस की छवि के लिए शुभ संकेत नहीं

जैसा की सूत्रों कहना है की शिव प्रसाद नगर में संचालित जुआ फड़ पुलिस के संरक्षण में संचालित होने वाला जुआ फड़ है जहां से बकायदा पुलिस का हिस्सा प्रतिदिन जाया करता है और एक प्रधान आरक्षक को ज्यादा हिस्सा मिलता है। यदि ऐसा है वैसे दो कार्यवाहियां खबर प्रकाशित होने पश्चात पुलिस ने की हैं जिससे जुआ फड़ संचालित होता है यह साबित होता है ऐसे में यह पुलिस की छवि के लिए शुभ संकेत नहीं है,अवैध कारोबार सहित कानून व्यवस्था का जिम्मा सम्हालने वाली पुलिस ही यदि अवैध कारोबार को बढ़ावा देगी और सामाजिक अपराध जैसे मामलों में हिस्सेदारी सुनिश्चित करेगी तो पुलिस पर से लोगों का विश्वास जाना निश्चित है।

### पुलिस अधीक्षक को मामले में लेना होगा संज्ञान,तभी बंद हो सकेगा अवैध जुआ फड़

शिव प्रसाद नगर जुआ फड़ मामले में अब स्वयं पुलिस अधिक्षक को संज्ञान लेना पड़ेगा तभी जुआ फड़ पर अंकुश लग सकेगा। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मिली चेतावनी के बाद ही दो छोटी छोटी कार्यवाहियां हुई हैं और अब यदि वह मामले को लेकर गंभीर बने रहेंगे तो निश्चित ही इस पर अंकुश लग सकेगा। जुआ फड़ का संचालन बड़े स्तर पर हो रहा है जिले प्रदेश सहित अन्य राज्यो से जुआड़ी पहुंच रहे हैं ऐसा सूत्रों का दावा है।

### घटती घटना की खबर का असर,दो अलग-अलग मामलों में जुआड़ियों पर हुई कार्यवाही

घटती घटना ने प्रमुखता से इस मामले में खबर का प्रकाशन किया था और जिसके बाद कार्यवाही देखने को मिली। अवैध शराब, जुआ, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में चौकी बसदेई पुलिस ने ग्राम सिरसी सरनापारा में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलने के 2 मामले में 10 जुआड़ियों को रंगे हाथों पकड़ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। दिनांक 11.01.2024 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम सिरसी सरनापारा में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे 10 व्यक्ति ग्राम दतिमा निवासी इम्तियाज खान, ग्राम कोयलारी के देवशंकर दुबे ग्राम सिरसी के समीर अली, दिनेश रजक, मोहन राम राजवाड़े, तनवीर आलम, राही खान, असगर हुसैन, दिनेश कुशवाहा व डिगलेश्वर राजवाड़े को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड से 8050 रूपये जप्त कर 10 लोगों के विरूद्ध धारा 3 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई विजय सिंह व उनकी टीम सक्रिय रही।

# सगाई से लौट रही बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर

## बाइक सवार भाजपा नेता की हुई मौत,टक्कर मारकर भाग रही बोलेरो भी पलटी कई लोग हुए घायल








-संवाददाता-
उदयपुर, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

घटना बीती रात रविवार का है उदयपुर की ओर से आ रही बोलेरो वाहन चालक के द्वारा शराब पीकर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए बाइक वाहन चालक को ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार भाजपा नेता की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं बोलेरो चालक ठोकर मारने के बाद वहां से भाग निकला और 3 किलोमीटर की दूरी पर सानी बर्रा में जाकर जामुन के पेड़ में टकराकर पलट गई जिसमें सवार 10 लोगों में से दो लोग घायल हो गए वहीं बाइक सवार तीन सवारी में से दो का पैर टूटा और एक का मौके पर मौत हो गई। बोलेरो वाहन चालक केदमा निवासी प्रदीप उरांव अपनी वाहन क्रमांक सीजी 04 एच. ए.8459 को लेकर शादी का लग्न लेकर बरोखी खाने बतोली में ग्राम बोदा गया हुआ था ड्राइवर शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए उदयपुर से होकर रात्रि 10:50 बजे कुदर बसवार की ओर जा रहा था । वही ग्राम सानीबर्रा से बबलू यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 40 वर्ष अपने बेटे कलेश्वर 13 वर्ष और डुमरिया जिला कोरिया निवासी रमेश पिता राममिलन उम्र 20 वर्ष जाति अहीर के साथ रायपुर हॉस्पिटल बच्चे के कैंसर के इलाज के लिए उदयपुर बस स्टैंड बस बैठाने जा रहा था। इस दौरान ग्राम पुटा अमृत लाल यादव घर के पास बोलेरो वाहन चालक के द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए भाजपा नेता बबलू यादव के बाइक को ठोकर मार दी जिससे बबलू यादव का जांघ कट गया और ज्यादा खून बहने से मौके पर ही दम तोड़ दिया और उसका साला रमेश का पैर टूट गया और बेटे का भी पैर टूट गया । बाइक चालक को घायल अवस्था में ही छोड़कर बोलेरो वाहन चालक वहां से भाग निकला। मौके पर पहुंची उदयपुर 112 की टीम प्रधान आरक्षक देवनारायण कंवर सरजू राजवाड़े समेत दो आरक्षक कुंजलाल सोरी और रामकुमार यादव ने अफरा तफरी में घायलों को उदयपुर चिकित्सालय पहुंचाया डॉक्टर ने बबलू यादव को मृत घोषित कर दिया घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### टक्कर मारने के बाद भागते हुए पलटी बोलेरो

बोलेरो वाहन चालक भागने के फिराक में सानीबर्रा के देवल्ब्ल के पास मोड में पलट गई बोलेरो वाहन में बैठे अनीता, कैलाश, जमुनी, वीनेश्वर को मामूली चोटें आई जोर से आवाज आने की वजह से आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए और देखा कि भीषण हादसा हुआ है। जिसका सूचना 112 की टीम को दिया गया 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों को उदयपुर अस्पताल पहुंचाया वहीं ड्राइवर फरार होने के चक्कर में भाग रहा था तभी ग्रामीणों के द्वारा उसे पकड़ लिया गया और अस्पताल ले गए जहां पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया रात को मृतक के परिजनों को जब यह पता चला कि बबलू यादव का मौत हो गया है तो वहां पर हंगामा होने जैसा हो रहा था किंतु पुलिस की निगरानी में आरोपी वाहन चालक को थाना भेज दिया गया।

### पत्रकार नेपाल प्रसाद ने दिखाई सक्रियता

इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है क्योंकि जिस बच्चे को कैंसर के इलाज के लिए ऑपरेशन करवाने25000 लेकर रायपुर जा रहा था जो पैसा और मोबाइल फोन भी उसके पास नहीं मिला दुर्घटना इतना तेज था कि जांघ पूरी तरह से कट गया और उसके साथ पैसा और मोबाइल भी कट कर दूर फेंका गया जिस कारण पुलिस की टीम दो बार ढूंढने का प्रयास की परंतु नहीं मिला। सुबह 3ः00 बजे रात को घायलों को इलाज करवा कर लौट रहे पत्रकार नेपाल प्रसाद दुर्घटना स्थल पहुंच जांच किया तो पैसा प्लास्टिक में बंधा प्राप्त हुआ जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में जारी है पुलिस के द्वारा मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा कर लाश को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मौके का मूयायना कर वाहन चालक के ऊपर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर कार्यवाही कर रही है।

# 22 तक पीडीएस संचालक जमा करें अपनी बकाया राशि

## अन्यथा होगी दुकान निरस्ती की कार्यवाही



-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

आज खाद्य, जिला विपणन व नागरिक आपूर्ति निगम की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों को शासन की मंशा अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने धान खरीदी की वस्तु स्थिति पर जानकारी ली, इसके साथ ही उपार्जन केंद्र में अवैध धान की खपत ना हो इसके लिये सतत निगरानी रखने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही उपार्जन केंद्र में धान बेचने आये किसानों को केन्द्र में पानी और बैठने की व्यवस्था हो इसके लिये भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के उचित मूल्य दुकान की वस्तु स्थिति पर भी चर्चा की। कुछ पीडीएस दुकानों में मूलभूत सूचनाओं की सूचना प्रदर्शन बोर्ड नहीं है वहां सूचना प्रदर्शन बोर्ड व स्टॉक मूल्य सूची लगवाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही बकाया राशि वाले पीडीएस दुकान संचालक को जनवरी माह में 22 तक और प्रत्येक माह में 5 तारीख तक पैसा जमा करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया अन्यथा दुकान निरस्ती की कार्यवाही की जायेगी । पीडीएस की दुकानों में ई-केवाईसी के लिये भी निर्देशित किया गया।जिसके लिये उन्होंने अधिकारियों को पीडीएस दुकान संचालक की बैठक लेकर,शीघ्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक माह के 10 तारीख तक नियमित और अधिकतम खाद्यान्न वितरण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

# यह कॉलेज जब खुला,मैं 8 साल का था,नाव से नदी पारकर देखने आता था:कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन

-संवाददाता-
कोरबा, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

अभी मेरी उम्र 60 वर्ष है पर जब कमला नेहरु महाविद्यालय खुला था, तब मैं आठ साल का था। हम चारपारा में रहते थे और नदी पर पुल भी नहीं बना था। गर्मी का मौसम आने पर उस पार के लोगों के लिए कोरबा शहर आने-जाने रपटा बनता था। तब के दौर में ऐतिहासिक रानी महल और जिले के पहले कॉलेज को सिर्फ देखने की ललक में हम लोग नाव से नदी पार कर आते थे। भले ही संख्या कम हो गई हो पर क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी बच्चों की उच्च शिक्षा की राह प्रशस्त करने में कमला नेहरू कॉलेज दशकों से महत्वपूर्ण योगदान अर्पित कर रहा है। समाज को उच्च शिक्षित युवाओं की भेंट दे रही इस संस्था को बेहतर पायेदान पर ले जाने में उचित योगदान अर्पित कर सकूं, इस दिशा में शत-प्रतिशत प्रयास करुंगा। यह बातें सोमवार को आयोजित कमला नेहरु महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहीं। सुबह साढ़े 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और छत्तीसगढ़ के राजकीय अरपा-पैरी के धार की सुमधुर प्रस्तुति दी। संगीतमय स्वागत गीत के मध्य कमला नेहरु महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री देवांगन का पुष्पगुच्छ और तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत-अभिनंदन किया। उनके अतिरिक्त समिति के उपाध्यक्ष डॉ आरसी पांडेय, सचिव सुरेंद्र लाम्बा, सहसचिव उमेश लाम्बा व प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने भी गुलदस्ता भेंटकर मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंच पर उपस्थित अतिथियों में कोहड़िया के पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्रीमती धनश्री साहू, मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार को बुके भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय समिति के सदस्य व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा, नानजीभाई पटेल, लोकेश्वर सिंह तोमर, जसराज जैन, घनश्याम बोंदिया, डॉ जेपी चंद्रा, अरविंद साहू, रमेश जायसवाल उपस्थित रहे। कॉलेज परिवार की ओर से भूगोल विभागाध्यक्ष अजय मिश्रा, छात्रसंघ प्रभारी गोविंद माधव उपाध्याय, ज्योतिभूषण विधि कॉलेज की प्राचार्य डॉ किरण चौहान, बीएड संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ अब्दुल सत्तार, ओपी साहू, श्रीमती सीमा सोनी, कार्यालय विभाग से अशोक सोनी, एनसीसी की ओर से कैडेट हरप्रीत सिंह, श्रुति पटेल व एनएसएस से स्वयंसेवक मनीष चंद्रा ने अतिथियों के स्वागत की परंपरा में भाग लिया। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कॉलेज का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए 52 वर्षों के इतिहास और उपलब्धियों की रूपरेखा कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के समक्ष रखी। वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए शासन के सहयोग की अपेक्षा भी जताई। मंच संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ब्रिजेश तिवारी ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने कहा कि वर्ष 1971 से प्रारंभ होकर कमला नेहरु कॉलेज ने समाज के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने 52 वर्षों का इतिहास समेटे इस ऐतिहासिक प्रांगण में आतिथ्य स्वीकार करने पर श्री देवांगन का आभार जताया। प्राध्यापकों की ओर से उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों से उबरने-संभलने महाविद्यालय को शासकीयकरण किए जाने की मांग कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखी। इस पर श्री देवांगन ने कहा कि कटघोरा विधायक रहते उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समक्ष हरदीबाजार कॉलेज का शासकीयकरण कराया था। हमारा सौभाग्य है कि हमें सरल-सौम्य मुख्यमंत्री के रुप में विष्णुदेव साय और जनहित को सर्वोपरि रख कार्य करने वाले उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मिले हैं। कमला नेहरु कॉलेज को न केवल जिले के पहले महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है, इस प्रांगण से पढ़कर निकले युवा प्रदेश और देश की सेवा कर रहे हैं। कोरबा को गौरवान्वित कर रहे हैं और कई रिटायर भी हो गए। इस कॉलेज के शासकीयकरण के लिए भी उन्होंने पूरा प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री शर्मा समेत समिति के समस्त सदस्यों ने मंत्री श्री देवांगन का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया व मान पत्र भेंट किया।



# बालकोनगर श्री राम मंदिर में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया पूजा-अर्चना

-संवाददाता-
कोरबा, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के टाउनशिप परिसर स्थित श्री राम मंदिर में आज केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने रामलला के दर्शन के साथ ही शिव मंदिर में जलाभिषेक भी किया और बालकोनगर एवं कोरबा जिला के उज्जवल एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए उन्होंने मंदिर के संबंध में बालकों सीईओ से जानकारी प्राप्त की। 1976 में बालकों द्वारा निर्मित इस मंदिर में प्रतिवर्ष भागवत पाठ एवं अनेक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। केन्द्रीय मंत्री ने बालको के श्री राम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर परिसर की साफ-सफाई के कार्य में भी सहयोग किया।

# स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरी चालक और महिला की मौके पर दर्दनाक मौत

-संवाददाता-
बलरामपुर, 15 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेड़ाघाट मुख्य मार्ग में देर रात को एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई इस सड़क हादसे में चालक और एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है वहीं नौ लोग घायल हुए हैं घायलों का प्राथमिक उपचार सीएचसी राजपुर में करने के बाद अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। बता दें तेज रफ्तार की वजह से स्कॉर्पियो वहां बेकाबू होकर भेड़ाघाट पुलिया से नीचे गिर गई वहीं हादसे में घायल लोग घायल और मृतक सभी सरगुजा जिले के माहोरा सिसौली के रहने वाले बताए जा रहे हैं जो कल बलरामपुर जिले के तातापानी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला देखने के बाद देर रात को यह लोग वापस अपने घर जा रहे थे तभी सड़क हादसे का शिकार हो गए। मृतक का नाम कृष्ण पैकरा है जबकि मृतिका का नाम यशोदा है। मामले में पुलिस की टीम ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है सड़क हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है।

# तातापानी महोत्सव के पहले दिन स्थानीय एवं आमंत्रित

## कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति

### कार्यक्रमों में दिखी स्थानीय कला व संस्कृति की झलक,जिला प्रशासन ने प्रशस्ति पत्र देकर कलाकारों का किया सम्मान

-संवाददाता-
बलरामपुर, 15 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ का बलरामपुर-रामानुजगंज जिला अपनी आदिम संस्कृति और परम्परा की अनूठी विरासत के लिए मशहूर है, इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष तातापानी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के पहले दिवस की सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों एवं प्रदेश ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से जिले के विकास की झलक और पारंपरिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। इसके साथ ही इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर एवं अबुझमाड़ मलखंभ एंड स्पोर्टस अकादमी की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। मलखंभ अकादमी के खिलाड़ियों ने मलखंभ पर इंडियाज गॉट टैलेंट वाली अपनी प्रस्तुती से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी ने अपने सुरीली आवाज की जादू से दर्शकों मनमोहते हुए और अपनी टीम के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी लोकगीत के गायक सुनिल सोनी ने अपनी सुमधुर आवाज से छत्तीसगढ़ी लोकगीत के साथ बॉलीवुड गीतों से अपने अंदाज में पेश कर श्रोताओं के दिल में अपनी जगह बनायी। ऐतिहासिक संक्रांति परब तातापानी महोत्सव 2024 के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने सुआ, कर्मा, गेड़ी, भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोहा। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों से आये स्थानीय कलाकारों ने अपने नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित दर्शकों ने पूरी तन्मयता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया।






### जिला प्रशासन ने किया कलाकारों का सम्मान

तातापानी महोत्सव में अपने प्रदर्शन और कला से लोगों का मन मोह लेने वाले विभिन्न स्थानों से आये कलाकारों का जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर रिमिजियुस एक्का,पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।


न्यायालय तहसीलदार लखनपुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर,दिनांक 11/01/2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्रम-जयपुर
तहसील- लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक घुरनराम आ0 स्व0 उमेश राम निवासी ग्राम जयपुर तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व0 उमेश राम की मृत्यु दिनांक 18/10/2023 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ0ग0 जन्म - मृत्यु रजि0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 12/02/2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर,यदि किसी को, कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 12/02/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील — तहसीलदार लखनपुर



न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202401020700017

विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2023-2024

सांडवार प.ह.न. 00024 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-दुर्गाप्रसाद शंकर गौरी गीता पिता रामखेलावन, हेमलता रीनु विक्की शांतेश्वरी शीतू,
अनावेदक पक्षकार-शांतेश्वरी शतू,दुर्गाप्रसाद शंकर गौरी,गीता पिता रामखेलावन,हेमलता रीनु विक्की,

ईश्तहार

आवेदक शंकर आ0स्व0 राम लेखावन निवासी जोड़ा तालाब शीतलावार्ड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सांडबार स्थित खसरा नंबर 182/1 रकबा 0.108 हे0 भूमि का उभय पक्षकार के मध्य 1/7 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

# आज होगा भारत का मुकाबला इटली से

» भारत को इटली के खिलाफ हासिल करनी होगी बड़ी जीत

» सेमीफाइल में जगह बनाने उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम



**गुयाना, 15 जनवरी 2024।** एचआईएफ हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के पहले मैच में अमेरिका से हारने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन वापसी की है। जिसके बाद रविवार को भारतीय महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं अब मंगलवार को भारत का मुकाबला इटली से होगा। जिसके खिलाफ भारतीय टीम को बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

दरअसल, भारतीय महिला हॉकी टीम इटली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल गुरुवार को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने अगर अमेरिका के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में लचर प्रदर्शन किया तो न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में उसने शानदार खेल दिखाया। टीम अब इटली के खिलाफ अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रक्षा पंक्ति, मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति में शानदार तालमेल दिखाया। कोच यानेक शोपमैन को उम्मीद रहेगी कि टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी। भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अभी तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी।

भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा,''यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है। हमें धैर्य बनाए रखना होगा। हमें हर हाल में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा।'' भारत के लिए यह फायदे की बात है कि उसे अपना मैच अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बाद खेलना है। इससे उसके सामने तस्वीर स्पष्ट होगी कि उसे कितने अंतर से जीत दर्ज करनी है।

## बीसीसीआई ने भारतीय टीम के सेलेक्टर पद के लिए मांगे आवेदन

**नई दिल्ली, 15 जनवरी 2024।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने पुरुष टीम की चयन समिति में शामिल होने के लिए एक सेलेक्टर के लिए आवेदन मांगे हैं। हालांकि, बोर्ड की वेबसाइट पर जारी इस प्रेस रिलीज से ये साफ नहीं हो सका है कि वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जाएगा। लेकिन खबरों में सलिल अंकोला का नाम सामने आ रहा है। दरअसल, ये पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ताओं को रखने से बचने की बोर्ड की इच्छा के अनुरू है। नोटिस में उल्लिखित पात्रता मानदंड की मांग है कि आवेदकों का क्रिकेट बैकग्राउंड होना चाहिए, उन्होंने कम से कम सात टेस्ट मैच, 30 फर्स्ट क्लास या 10 वनडे और 20 फर्स्ट क्लास मैच खेले हों। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल पहले रिटायर होना चाहिए, इस शर्त के साथ कि पांच साल की संचयी अवदि के लिए किसी भी क्रिकट समिति में सेवा करने वाला कोई भी व्यक्ति पात्र नहीं होगा। पिछले साल एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद कई बदलावों के बाद अजीत अगरकर के साथ नई समिति ने जिम्मेदारियां संभाली थीं। स्टिंग ऑपरेशन के कारण तत्कालीन अध्यक्ष चेतन शर्मा को इस्तीफा देना पड़ा था। आवेदन की आखिरी तारीख 25 जनवरी निर्धारित होने के साथ, सभी की निगाहें संभावित उम्मीदवारों पर हैं। क्योंकि, बीसीसीआई अपनी चयन समिति को मजबूत करना चाहता है। मौजूदा समिति में अगरकर, अंकोला, सुब्रतो बनर्जी, शिव सुंदर दास और एस शरथ सदस्य हैं।




## संक्षिप्त खेल समाचार

### एनआरएआई ने जूरी से कहा

#### अनुचित लाभ नहीं लेना चाह रहा था मानवजीत




**कुवैत, 15 जनवरी 2024।** कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रैप निशानेबाज मानवजीत सिंह को 'दोषपूर्ण' बंदूक के कारणअयोग्य ठहराए जाने को 'अन्यायपूर्ण' करार देने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था।

शॉटगन कोच विक्रम चोपड़ा ने टूर्नामेंट की अपीली जूरी को पत्र लिखा है जिसकी एक प्रति पीटीआई के पास है। चोपड़ा ने लिखा है कि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है जैसा कि आयोजकों ने भारतीय खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करते हुए कहा था। मानवजीत को शनिवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेने दिया गया था जबकि रविवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनकी बंदूक को दोषपूर्ण करार देकर यह फैसला किया गया था।

जिन दो नियमों के तहत मानवजीत की बंदूक को दोषपूर्ण करार दिया गया था, वे 9.4.2.11 और 9.4.1 (ए,बी) हैं। चोपड़ा ने मानवजीत के बचाव में जूरी को लिखा, ''नियम 9.4.2.11 में 'बट रिकॉइल पैड' पर किसी भी ऊंचाई को लेकर प्रतिबंध का उल्लेख नहीं है।'' नियम 9.4.1 (ए, बी) अनुचित लाभ से संबंधित है। इसके बारे में चोपड़ा ने लिखा है, ''यह नियम लागू ही नहीं होता है क्योंकि इस मामले में किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लिया गया है क्योंकि निशानेबाज ने किसी तरह से इलेक्ट्रॉनिक या अन्य तरह की सहायता नहीं ली है।

### विक्टर एक्सेलसेन ने इंडिया ओपन टूर्नामेंट से नाम लिया वापिस



**नई दिल्ली, 15 जनवरी 2024।** डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेल सेन अस्वस्थ होने के कारण मंगलवार से यहां शुरू होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं। एक्सेलसेन मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा,''शनिवार को मैच के बाद मैं बीमार पड़ गया और अभी मलेशिया में उपचार कर रहा हूं। मुझे अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है।'' इंडिया ओपन में एक्सेलसेन को शीर्ष वरीयता दी गई थी। इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा,'' इसका मतलब है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैं यात्रा नहीं कर पाऊंगा और इंडिया ओपन में नहीं खेल पाऊंगा जो निराशाजनक है क्योंकि मुझे इस टूर्नामेंट में भारत के बैडमिंटन प्रेमियों के सामने खेलना पसंद है।

## इंडिया ओपन में चमक बिखेरने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

### सात्विक-चिराग पर होगी निगाह



**नई दिल्ली, 15 जनवरी 2024।** भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से दिल्ली में शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सात्विक ने कहा,''हम अपने देश में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इस टूर्नामेंट के बाद हमारी जीत दर्ज करने की भूख बढ़ी है और हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।'' पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं।पहले दौर में उनका मुकाबला दुनिया के 25वें नंबर के फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे वहीं पुरुष एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी विशेषकर तब जबकि ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। मलेशिया में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रणय और लक्ष्य को जल्द लय हासिल करनी होगी जबकि पिछले सप्ताह पहले दौर में जोनाथन क्रिस्टी को हराने वाले श्रीकांत उस जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। प्रणय और लक्ष्य मलेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे।

इंडिया ओपन में वह क्रमशः चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। श्रीकांत ओलंपिक क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। पहले दौर में उनका सामना हांगकांग के ली चेउक यियू से होगा। प्रणय अभी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर हैं और ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ में सबसे आगे हैं। दूसरे स्थान की दौड़ में श्रीकांत और लक्ष्य हैं जिनकी विश्व रैंकिंग अभी क्रमशः 24 और 17 है।महिला युगल में भी ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ काफी कड़ी हो गई है। इसके लिए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो तथा राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली दौड़ में हैं। अश्विनी और तनीषा पहले दौर में थाईलैंड की राविंडा प्राजोंगजई और जोंगकोलफान कितिथाराकुल से भिड़ेंगी जबकि त्रीसा और गायत्री का सामना जापान की चौथी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा।



### सुलिवान ने आठवां स्नूकर मास्टर्स खिताब जीता

**लंदन, 15 जनवरी 2024।** दुनिया के नंबर-1 स्नूकर खिलाड़ी रोनी ओ'सुलिवान ने 6-3 से पिछड़ने के बाद अली कार्टर को 10-7 से हराकर अपना आठवां स्नूकर मास्टर्स खिताब जीता।

रोनी ओ'सुलिवान अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और जब फाइनल शुरू हुआ तो उन्हें संघर्ष करना पड़ा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वह दुनिया के 10वें नंबर के कार्टर से 6-3 से पीछे थे, लेकिन लगातार तीन फ्रेम लेकर 6-6 की बराबरी पर आ गए। कार्टर 127 के ब्रेक के साथ एक बार पीछे हटने में कामयाब रहे, लेकिन ओ'सुलिवन को 10-7 से रिकॉर्ड जीत हासिल करने से नहीं रोक सके। मास्टर्स में सबसे उम्रदराज विजेता 48 वर्षीय ओ'सुलिवन के पास इस कार्यक्रम में सबसे कम उम्र (19 वर्ष) के चैंपियन का रिकॉर्ड भी है।

## पैर की चोट के कारण बेरेटिनी को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा

**नई दिल्ली, 15 जनवरी 2024।** मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हट गए। यह घोषणा की गई।पूर्व शीर्ष 10 स्टार को सातवीं वरीयता प्राप्त और गत फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास के खिलाफ पहले दौर में भिड़ना था।बेल्जियम के ज़िज़ौ बर्ग्स ग्रीक खिलाड़ी का सामना करने के लिए भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी के रूप में कदम रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया ओपन के बयान में कहा गया है, मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण सऑस्ट्रेलिया ओपन से हट गए हैं। ड्रॉ में उनकी जगह ज़िज़ौ बर्ग्स लेंगे।

बेरेटिनी ने पिछले साल के यूएस ओपन के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है, जहां वह टखने की चोट के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से रिटायर हो गए थे।

2023 में मांसपेशियों में चोट के कारण कुछ हफ्तों के लिए खेल से दूर रहने के कारण 27 वर्षीय खिलाड़ी पुरुषों की रैंकिंग में 125वें स्थान पर खिसक गए हैं।



## थंडर के खिलाफ रेनेगेड्स के बीबीएल मैच के बाद शॉन मार्श पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेंगे

**सिडनी, 15 जनवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज शॉन मार्श ने घोषणा की है कि मेलबर्न रेनेगेड्स के सिडनी थंडर के खिलाफ मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन का अपना अंतिम मैच खेलने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। मार्श ने अपने रेनेगेड्स टीम के साथी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का अनुसरण किया है। उन्होंने पिछले घरेलू सत्र के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है, मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ महान लोगों से मिला हूं और मैंने जो दोस्ती बनाई है वह जीवन भर रहेगी। यह खेलने वाला समूह विशेष है। वे मेरे लिए अद्भुत रहे हैं, अद्भुत टीम के साथी और और भी अच्छे दोस्त। हमारे सदस्य और प्रशंसक सबसे अधिक भावुक हैं और मैं यात्रा के दौरान उनके समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं। हमारे साथ बने रहें, इस समूह में बड़ी मात्रा में प्रतिभाएं हैं और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे इस समूह का नेतृत्व करेंगे। मार्श ने बीबीएल क्लब द्वारा जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के कोचों और कर्मचारियों और पर्दे के पीछे के सभी लोगों को शुरू से और मेरे अंतिम वर्षों में मेरा समर्थन करने के लिए धन्यवाद। इससे बीच में मेरा काम थोड़ा आसान हो गया है।

40 वर्षीय ने पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ 40 मैचों के बाद बीबीएल के नौवें सीज़न से पहले रेनेगेड्स में कदम रखा, जिसमें बैक-टू-बैक चैंपियनशिप खिताब शामिल थे। शीर्ष क्रम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने की उनकी क्षमता ने उन्हें रेनेगेड्स के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बना दिया।



## रोहित रॉय ने ऋतिक रोशन को किया बर्थडे विश,कहा- जन्मदिन मुबारक हो डुग्गू



एक्टर रोहित रॉय ने काबिल के अपने को-स्टार ऋतिक रोशन को 50वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।रोमांटिक एक्शन थ्रिलर काबिल में यामी गौतम और रोहित के भाई रोनित रॉय भी हैं। रोहित ने इंस्टाग्राम पर बर्थडे बॉय ऋतिक के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने नोट में लिखा, आपको प्यार भरा हग और हार्दिक बधाई भेज रहा हूं। इंडस्ट्री के सबसे अच्छे लोगों में से एक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...जन्मदिन मुबारक हो डुग्गू। रोहित को अब से पहले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फॉरेंसिक में देखा गया था। उन्होंने रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 में भी हिस्सा लिया था।दूसरी ओर, ऋतिक फिलहाल एरियल एक्शन ड्रामा फाइटर की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं।

## कृति,शाहिद की अगली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को होगी रिलीज




एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन ने बुधवार को खुलासा किया कि उनकी आने वाली फिल्म का नाम तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया है और यह 9 फरवरी को रिलीज होगी।

फिल्म के निर्माताओं ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं।कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें।शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं।अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

## ऑस्कर लाइब्रेरी में शामिल मनोज बाजपेयी स्टारर जोराम का स्क्रीनप्ले



मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म जोरम के स्क्रीनप्ले को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की लाइब्रेरी ने इसके परमानेंट कोर कलेक्शन के लिए हासिल कर लिया है।एकेडमी अपने कोर कलेक्शन में स्क्रीनप्ले जोड़ता है जो रिसर्च के उद्देश्य से छात्रों, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, अभिनेताओं और सिनेमा के क्षेत्र के अन्य लोगों के लिए सुलभ हैं।इन सालों में, इस कलेक्शन में साल 1910 से लेकर वर्तमान तक 11,000 से ज्यादा निर्मित फिल्मों की स्क्रिप्ट शामिल हो गई है।इस पर टिप्पणी करते हुए, लेखक-निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा, जोराम को बनाने के लिए प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पड़ी। हम यह देखकर रोमांचित हैं कि फिल्म के स्क्रीनप्लेस एकेडमी लाइब्रेरी के परमानेंट कोर कलेक्शन का हिस्सा बन गई है। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान से यह सम्मान दुर्लभ, बहुमूल्य और विनम्र है। एकेडमी को हमारा हार्दिक धन्यवाद।जोरम देवाशीष मखीजा द्वारा लिखित और निर्देशित है, और अनुपमा बोस और मखीजाफिल्म के सहयोग से जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है।

## रूपाली गांगुली ने अनुपमा के किरदारों का समर्थन किया,कहा- इंसान को नीचा दिखाना घृणित है...



टीवी धारावाहिक अनुपमा में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने शो के अन्य पात्रों के प्रति सोशल मीडिया पर नफरत देखकर निराशा जताई है और कहा है कि किसी को ऐसे इंसान का अपमान नहीं करना चाहिए जो सिर्फ अपनी नौकरी कर रहा है।इस धारावाहिक में सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जिसने हाल ही में पांच साल का लीप लिया है। साल 2020 में शो की शुरुआत के बाद से इसके प्रशंसकों की संख्या बहुत बड़ी है, मगर इसके कुछ पात्रों के बारे में इंटरनेट पर नफरत भरी टिप्पणियां देखी जा रही हैं।एक यूजर ने एक स्निपेट साझा किया और लिखा - ये किस तरह के बच्चे हैं जो अपनी मां को इस तरह नजरअंदाज करते हैं? इस तरह के नापाक और हृदयहीन बच्चे अनुपमा को ही क्यों मिले हैं?एक अन्य प्रशंसक ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि एक बच्चा 5 साल बाद अपनी मां को देखकर इतना ठंडा कैसे हो सकता है।सोशल मीडिया पर ऐसी कई नफरत भरी टिप्पणियों को देखने पर रूपाली ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) का सहारा लिया और ट्वीट्स की एक श्रृंखला लिखी।उन्होंने लिखा, सअनुपमा पर मौजूद हर कोई इस शो के किसी न किसी किरदार से जुड़ा है... एक किरदार या अभिनेता को पसंद करना आपको दूसरे किरदारों को नीचा दिखाने का अधिकार कैसे दे देता है? प्रत्येक अभिनेता अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है और प्रत्येक अभिनेता कहानी के लिए महत्वपूर्ण है!संजीवनी - ए मेडिकल बून में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री ने आगे कहा कि किसी को ऐसे इंसान का अपमान नहीं करना चाहिए, जो सिर्फ अपना काम कर रहा है।


CMYK

# छत्तीसगढ़ में जमीन फर्जीवाड़े पर लगेगा ब्रेक

## प्रॉपर्टी के पंजीयन में होने वाली हेरा-फेरी रोकने सरकार ने लाई एनजीडीआरएस तकनीक

**रायपुर,15 जनवरी 2024(ए)।** प्रॉपर्टी को लेकर विवाद के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आए दिन संपत्ति की हेराफेरी या इसमें फर्जीवाड़ा होने का मामला सामने आता है। ऐसे में इन समस्याओं पर ब्रेक लगाने के लिए केंद्र सरकार ने नया रास्ता निकाला है। सरकार अब राष्ट्रीय दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली के जरिए ऐसे मामलों में कमी लाने के प्रयास में है। ये प्रणाली देशभर में लागू होगी। वहीं छत्तीसगढ़ में आज से रायपुर जिले में इसे लागू किया जा रहा है।

इस नई प्रणाली में आधार, पैन नंबर इंटीग्रेशन के साथ ही बैंकों से आनलाइन भुगतान की सुविधा मिलेगी। पंजीयन, राजस्व के साथ आयकर का जुड़ाव होने से किसी प्रकार के भ्रम पर संपत्तियों का खाका साफ्टवेयर पर तत्काल दिखाई देगा. जो लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी।




### एनआईसी ने तैयार किया सॉफ्टवेयर

एनजीडीआरएस प्रणाली वर्तमान में देश के 11 राज्यों में लागू है. केंद्र सरकार के भूमि संसाधन विभाग की देख-रेख में एनआइसी ने इसका सॉफ्टवेयर तैयार किया है जिसमें सभी राज्यों का डेटा एनआइसी के क्लाउड सर्वर में सुरक्षित रखा होता है। आम लोगों के लिए इस सिस्टम में आइडी-पासवर्ड की सुविधा है। इसके जरिए आम लोग ऑनलाइन भुगतान के साथ जमीनों के दस्तावेजों की जांच भी कर सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ में कहां-कहां है ये प्रणाली ?

राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस सिस्टम लागू किए जाने की तैयारियां चल रही है। जानकारी के मुताबिक मार्च-2024 तक सभी जिले के कार्यालयों में एनजीडीआरेस प्रणाली से अचल संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। आज यानी 15 जनवरी से इसे रायपुर में लागू किया जा रहा है। इससे पहले धमतरी, अभनपुर और महासमुंद में 45,000 से ज्यादा दस्तावेजों का पंजीयन किया जा चुका है। वहीं दूसरे चरण में महासमुंद जिले के सरायपाली, बसना, पिथौरा, कुरूद और नगरी में 11 जनवरी से यह पद्धति लागू की गई है।

### लोगों को होगी सहुलियत

पंजीयन में लगने वाला अतिरिक्त समय बचेगा।ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, पेमेंट की सुविधा मिलेगी।

राजस्व विभाग के साथ इंटीग्रेशन होने पर विक्रयशुदा खसरे और मालिकाना हक की जांच।

पक्षकार द्वारा ऑनलाइन सभी जानकारी स्वतः प्रविष्टि किए जाने से गलती की संभावना कम रहेगी।

मोबाइल पर एसएमएस के जरिए मिलेगी पंजीयन की तारीख की जानकारी।

वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. एन जी डी आर एस.जीओव्ही.आईएन के सिटीजन पोर्टल में लॉग इन के लिए यूजर मैनुअल की होगी सुविधा।

### फर्जीवाड़े के मामले में आएगी कमी

अधिकारियों की मानें तो इस नई प्रणाली के जरिए जमीनों के फर्जीवाड़े के मामले में कमी आएगी और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। संपत्ति के अधिकारी और स्वामित्व की जांच के लिए राजस्व विभाग के भुइंया पोर्टल से इंटीग्रेशन किया गया है।

## जाति प्रमाण-पत्र खारिज किए जाने के खिलाफ लगी याचिका ऋचा जोगी ने वापस ली



**बिलासपुर,15 जनवरी 2024 (ए)।** जोगी परिवार की बहू ऋचा जोगी की जाती प्रमाण पात्र का मुद्दा एक बार फिर प्रकाश में आ गया है। दरअसल हाईकोर्ट में ऋचा जोगी की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता गैरीमुखोपाध्याय ने उस याचिका को वापस लेने का अनुरोध किया है जिसमें ऋचा जोगी ने जाति प्रमाण पत्र खारिज किये जाने के खिलाफ अनुतोष मांगा था। ऋचा की ओर से बाद में एक नई याचिका पेश करने की जानकारी सामने आयी है।

इस मामले में शिकायतकर्ता संतकुमार नेताम की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने याचिका वापस लिए जाने को स्वयं के हानि लाभ के आधार पर होना बताते हुए कोई आपत्ति नहीं की। हाईकोर्ट की खण्डपीठ जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने याचिका वापसी का आग्रह स्वीकार करते हुए याचिका को निराकृत कर दिया।

### छानबीन समिति के अधिकारों को दी थी चुनौती

गौरतलब है कि 2020 में ऋचा जोगी के द्वारा जिला स्तरीय जाति प्रमाणपत्र छानबीन समिति द्वारा उनके जाति प्रमाणपत्र को निलंबित किये जाने और अन्तिम निर्णय के लिए प्रकरण को राज्य स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के पास भेजे जाने के खिलाफ प्रस्तुत की थी। इस याचिका में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला स्तरीय जाति प्रमाणपत्र छानबीन समिति को दिए गए अधिकारों और इस संबंध में बनाये गये नियमों की संवैधानिकता को भी चुनौती दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### कलयुगी बेटे ने बुजुर्ग मां को पीटकर घर से निकाला बाहर

**दुर्ग,15 जनवरी 2024(ए)।** भिलाई में कलयुगी बेटे की शर्मनाक हरकत सामने आई है. हाउसिंग बोर्ड निवासी भूषण सिंह बेशर्मी से अपनी



बुजुर्ग मां को पीटते हुए ले जा रहा है। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. एलआईजी-1182 निवासी भूषण सिंह का ये शर्मनाक वीडियो सामने आया है। गली से गुजरते हुए स्कूली बच्चे भी इस दृष्य को देखकर सहम गए। सीसीटीवी कैमरे के वायरल वीडियों में भूषण सिंह अपनी बुजुर्ग माता को उठाकर घर के बाहर ले जाकर थप्पड़ मारते, गला दबाते नजर आ रहा है। पड़ोसियों के विरोध पर भी भूषण नहीं रुका। हैरानी की बात ये है कि उसके इस कुकर्म में बेटी ट्विंकल भी उसे रोकने के बजाय स्पोर्ट करती रही। फिलहाल आसपास के लोगों ने पुलिस प्रशासन से की मांग है कि बेटा नहीं रख सकता तो वृद्धा आश्रम में छोड़ दे।

**नक्सलियों की कायराना करतूत**

### युवक की हत्या कर रोड पर फेंका शव



**बीजापुर,15 जनवरी 2024(ए)।** नक्सलियों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया है। ये घटना गंगालूर थाना क्षेत्र की है। बस्तर में नक्सलियों की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीजापुर जिले में एक बार फिर से नक्सलियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार की दरमियानी रात ग्राम पुसनार निवासी 19 वर्षीय युवक रिषु पूनेम की नक्सलियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी है। मृतक का शव पुसनार रोड पर मिला। इस घटना की सूचना परिजनों ने गंगालूर थाना में दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया दिया है।

# भूपेश सरकार छोड़ गई 82.125 हजार करोड़ कर्ज वाला खाली खजाना

## योजनाओं को लागू करने वित्त विभाग ने आरबीआई को भेजा 2 हजार करोड़ का डिमांड नोट




**रायपुर,15 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार बीजेपी की नई सरकार के लिए 82.125 हजार करोड़ कर्ज वाला खाली खजाना छोड़ गई है। ऐसे में बीजेपी की विष्णुदेव सरकार के सामने प्रदेश में कमजोर वर्गो के लिए लागू किए जाने वाली योजना के लिए बजट राशि की कमी हो गई है। इसकी पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार ने आरबीआई से दो हजार करोड़ रुपए का लोन लेने का डिमांड नोट सौंपा है।जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को अपना पहला बजट पेश करने जा रही भाजपा सरकार इस वर्ष के लिए अंतिम कर्ज लेने जा रही है। जानकारी के अनुसार सरकार अपनी प्रतिभूतियों को नीलाम कर करीब दो हजार करोड़ रूपए जुटाना चाहती है। इसके लिए वित्त विभाग ने आरबीआई को डिमांड नोट भेज दिया है।

### एक-एक हजार करोड़ की दो किस्तों में चुकता होगा लोन

इसके मुताबिक सरकार एक-एक हजार करोड़ की दो किश्तें, 8 और 9 वर्ष में वापसी योग्य शर्त पर लेने जा रही है। वैसे छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त देश के 8 अन्य राज्यों ने कुल 19200 करोड़ का कर्ज मांगा है। आरबीआई कल मंगलवार को ईकुबेर के जरिए लोन टेंडर खोलेगी।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में दोगुना बढ़ गया कर्ज को बोझ

बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में बता चुके हैं कि जनवरी 2023 तक राज्य सरकार पर 82.125 हजार करोड़ रुपए का ऋण था। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल 17 दिसंबर, 2018 में मुख्यमंत्री बने थे। उनके पहले भाजपा के रमन सिंह सीएम थे। जब उन्होंने कुर्सी छोड़ी थी तो राज्य की सरकार पर 41 हजार 695 करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ गए थे । यानी, भूपेश बघेल वाली कांग्रेस सरकार के पांच साल में कर्ज का बोझ दोगुना हो गया।

## रायपुर एयरपोर्ट में सवारी को लेकर टैक्सी ड्राइवरों में मारपीट

**रायपुर,15 जनवरी 2024(ए)।** राजधानी रायपुर के माना एयरपोर्ट में यात्रियों को टैक्सी में बैठाने को लेकर दो टैक्सी वालों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। दोनों पक्षों ने माना कैप थाना में पहुंचकर मारपीट और गाली-गलौज की शिकायत की। जिस पर पुलिस ने तुराब अली और हरविंदर सिंह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। ट्रैवल्स कंपनी के कर्मचारी और ड्राइवर सुबह से रात तक किसी भी फ्लाइट के आने के बाद तुरंत एग्जिट गेट पर आ जाते हैं। यात्रियों से पूछा जाता है कि वे कहां जाना चाहते हैं और उन्हें अपने काउंटर की ओर खींचते हैं। यात्रियों को अपने काउंटर पर ले जाने के लिए सबसे ज्यादा विवाद होता है।

## देश में नए बदलाव का संकेत मिलेगा न्याय यात्रा से

**रायपुर,15 जनवरी 2024(ए)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर वापस लौटे पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे पार्ट न्याय यात्रा की शुरुआत हुई।



राहुल गांधी के इस यात्रा से देश में नए बदलाव का संकेत मिलेगा।

भाजपा की ओर से राम मंदिर का अनुष्ठान और कांग्रेस की जारी यात्रा को लेकर दीपक बैज ने कहा, यात्रा का प्रभाव गरीब युवा पीड़ति बेरोजगारो को न्याय दिलाने के लिए है, ताकि सबके बीच में राहुल गांधी पहुंचे और उनकी भावनाओं को, बातों को सुने। हम नया एजेंडा बनाकर लोकसभा चुनाव में जा सके और एक संकेत दे सके। लगातार शंकराचार्य इसका विरोध कर रहे हैं। मंदिर अधूरा है। रामनवमीं में इसका शुभारंभ करना चाहिए। इसमें देशभर के नेता और छत्तीसगढ़ के नेता शामिल हुए। ऐतिहासिक शुरुआत मणिपुर इंफाल से हुई। यह यात्रा मुंबई तक 6700 किलोमीटर गुजरेगी। 20 मार्च को समापन होगा। इस यात्रा को ऐतिहासिक जन समर्थन मिलेगा।

## हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के सचिव और संचालक सहित अन्य को जारी किया नोटिस...



**बिलासपुर,15 जनवरी 2024(ए)।** यह की बिलासपुर संभाग के कोरबा और रायगढ़ जिले में पदस्थ सहायक शिक्षक सूरज कुमार मंडल तथा अन्य 29 की नियुक्ति वर्ष 2009 में हुई थी। वर्ष 2018 में इनका संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में कर दिया गया। टी. संवर्ग के सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति के लिए चल अचल संपत्ति की जानकारी प्रस्तुत करने संयुक्त संचालक बिलासपुर ने अप्रैल 2023 में सर्व जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर संभाग को निर्देशित किया था। 28 अप्रैल 2023 को संभाग स्तरीय शिक्षक पद के लिए काउंसलिंग में उपस्थित होने के लिए पदोन्नत शिक्षकों की सूची जारी किए गए थे। इस सूची में सूरज कुमार मंडल वह अन्य 29 सहायक शिक्षकों का नाम शामिल था। कुल 200 शिक्षकों का नाम शामिल था। प्रथम काउंसलिंग 3 मई 2023 को रखा गया जिसमें शिक्षक विज्ञान पद के लिए सहायक शिक्षक सरल क्रमांक 1 से 100 तक और 4 मई 2023 को 101 से 200 तक काउंसलिंग में उपस्थित होने के निर्देश थे। लेकिन 28 अप्रैल 2023 को जारी संशोधित काउंसलिंग में शिक्षक विज्ञान पद के लिए सहायक शिक्षक सरल क्रमांक 1 से 70 तक के शिक्षकों को 3 मई 2023 को बुलाया गया। 4 मई 2023 को 71 से 139 तक के शिक्षकों को उपस्थित होने के निर्देश जारी किए गए थे जबकि संयुक्त संचालक बिलासपुर द्वारा पदोन्नत शिक्षकों की सूची में 200 शिक्षक का नाम शामिल था जिसमें सूरज कुमार मंडल व अन्य 29 सहायक शिक्षकों के नाम शामिल थे।वहीं, संयुक्त संचालक बिलासपुर द्वारा केवल 139 सहायक शिक्षकों को शिक्षक विज्ञान के पद पर पदोन्नति के लिए काउंसलिंग की गई जिससे परिवेदित होकर सूरज कुमार मंडल व अन्य साथियों ने हाई कोर्ट अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से याचिका दायर की। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल के यहां हुई। याचिका में यह आधार लिया गया कि पदोन्नति के लिए 200 शिक्षकों के नाम की सूची बनाई गई थी, जिसमें सभी याचिकाकर्ताओं के नाम शामिल थे किंतु बिना कोई कारण के पदोन्नति के लिए आयोजित काउंसलिंग में ना बुलाना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। जबकि विभाग द्वारा स्वयं ही 200 शिक्षकों के नाम की सूची जारी किया गया था। साथ ही सूचना के अधिकार में प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में 400 पद शिक्षक विज्ञान संकाय के पद रिक्त हैं। उपरोक्त आधारों पर न्यायालय ने उत्तरवादी शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर, संयुक्त संचालक बिलासपुर संभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा और रायगढ़ को जवाब तलब किया है।

**कांग्रेस की न्याय यात्रा पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने ली चुटकी**

# जहां-जहां गए वहां हुआ बंटाधार

**रायपुर,15 जनवरी 2024(ए)।** कांग्रेस 2024 में लोकसभा चुनाव को साधने के लिए मणिपुर से न्याय यात्रा की शुरुआत कर दी है जिसे लेकर राजेश मूणत ने चुटकी लेते हुए कहा कि, जहां -जहां गए वहां बंटाधार हुआ है। 5 राज्यों के चुनाव ने बता दिया, कांग्रेस किस मुंह से बोलती है दलित और पिछड़ा वर्ग, गरीबी नहीं हटा पाई कांग्रेस अपने शासन में, जितने मुद्दे निकाले सभी को जनता में त्याग दिया. सबका साथ सबका विकास सबका विकास सबका प्रयास यही देश का मूल मंत्र है।



### बीजेपी की आज दिल्ली में होगी बैठक

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ बीजेपी के नेताओं की 16 जनवरी को केंद्रीय नेतृत्व के साथ दिल्ली में बैठक होने जा रही है। इस बैठक को लेकर पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने बताया कि, इस बैठक में आगामी 2024 को लेकर लोकसभा चुनाव की तैयारी होगी। जिसके लिए छत्तीसगढ़ में तीन क्लस्टर बनाए गए हैं। इन तीनों क्लस्टर की कल मीटिंग होगी। जिसमें आगामी कार्ययोजना तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि,इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा सभी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देंगे. पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में लोकसभा की चुनावी तैयारियों के साथ ही संभावित प्रत्याशियों पर भी चर्चा हो सकती है।

### इन्हें मिली क्लस्टर की जिम्मेदारी

जानकारी के मुताबित, रायपुर क्लस्टर के तहत दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा के संयोजक पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक राजेश मूणत, बिलासपुर क्लस्टर के तहत बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा के लिए पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अमर अग्रवाल, वहीं बस्तर क्लस्टर में बस्तर, कांकेर व महासमुंद के लिए पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अजय चंद्राकर को क्लस्टर संयोजक बनाया गया है।

## शुभम राजपूत हत्याकांड में गैंगस्टर तपन सरकार समेत 6 गिरफ्तार

**भिलाई,15 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के बहुचर्चित शुभम राजपूत हत्याकांड के मामले में दुर्ग पुलिस ने गैंगस्टर तपन सरकार समेत 6 आरोपियों को गोबरा नवापारा के चंपारण चौकी क्षेत्र के एक फार्म हाउस से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया है। बता दें कि बीते आठ मार्च को खुर्सीपार में शुभम राजपूत नाम के युवक की हत्या हुई थी। उक्त हत्याकांड में पुलिस ने सेवकराम नाम को गिरफ्तार किया था।पुलिस की चालानशीट में कहा गया है कि तपन सरकार के कहने पर ही सेवकराम ने शुभम राजपूत की हत्या की थी। इस हत्याकांड में तपन सरकार का नाम आने के बाद से वो फरार था। दो दिन पहले ही वो चंपारण के एक फार्म हाउस में आया था और वहां पर छिपा हुआ था। जिसकी जानकारी लगने के बाद पुलिस ने वहां पर छापामार कार्रवाई की।



तपन सरकार के साथ ही पुलिस ने उसके गैंग के पुराने साथी रहे विद्युत चौधरी, प्रभाष सिंह, सतीश चंद्राकर, अन्नु दुबे व एक अन्य को भी फार्म हाउस से पकड़ा है। बताया जा रहा है कि इनमें से तपन सरकार को न्यायालय में पेश किया गया है। अन्य आरोपियों को अलग अलग थानों में रखा गया है।

## झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के 3 लोगों की जलकर दर्दनाक मौत

**कवर्धा,15 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है. नागाडबरा गांव के एक झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन बैगा आदिवासियों की मौत हो गई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.।यह मामला कुकदुर थाना क्षेत्र का है।कुकदुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत माठपुर अंतर्गत आने वाले नागाडबरा बस्ती में बीती रात बुधराम पिता भोपसिंह 35, हिरमतीन बाई पति बुधराम 32 वर्ष और उनके आठ वर्शीय पुत्र



जोन्हू की अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लगने से जलकर मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि कल ये तीनों किसी परिजन के घर आयोजित छठी कार्यक्रम में गए हुए थे. जहां से रात लगभग 12 बजे लौटे थे। गांव वालों ने जब आज सुबह ये मंजर देखा तो घटना की सूचना कुकदुर पुलिस को दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर शवों के करीब एक गैस सिलेंडर के अलावा चूल्हा को देखने के बाद प्रथम दृष्टया यह मामला गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण हुई दुर्घटना का लगता है.। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## 9 नक्सली विस्फोटक सामग्री सहित गिरफ्तार

**बीजापुर,15 जनवरी 2024 (ए)।** सुरक्षाबलों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने नौ नक्सलियों को पकड़ा है। जिनके पास से विस्फोटक बरामद हुआ है। वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा गया।बीजापुर जिले के बासागुड़ा-गंगालूर थाना क्षेत्रों में यात्री बस में आगजनी और आईईडी विस्फोटक सहित कुल नौ



नक्सलियों को सुरक्षाबल के जवानों ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। पकड़े गए नक्सलियों को वैधानिक कार्यवाही के बाद न्ययालय में पेश किया गया हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीते शुक्रवार को बासागुड़ा थाना और कोबरा 210 की संयुक्त पार्टी तिम्मापुर नेड्रा की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इस दौरान तीन मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर अवलम सोमा , कोरसा दशरू, पुनेम सुरेश समेत 9 लोग गिरफ्तार हुए। पकड़े ये नक्सली 21 दिसम्बर 2023 को बासागुड़ा थाना क्षेत्र तिम्मापुर के पास कुशवाह ट्रेवहल्स की यात्री बस में आगजनी की घटना में शामिल थे। वहीं 12 जनवरी 2024 को गंगालूर थाना क्षेत्र के पुसनार के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद सर्च करते वापसी के दौरान पुसनार मेटापाल के मध्य जंगल पहाड़ी रास्ते में तीन संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर छुपते भागते नजर आने पर जवानों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 1 नग टिफिन बम, 5 किलो का बम, स्वीच तथा 80 मीटर बिजली का तार बरामद किया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)